4 रायपुर संभाग
थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा डीजे वालों पर कसा शिकंजा

6 अभिमत
जवान नया इतिहास रचने की तैयारी में

09 विविध
नगर के युवाओं ने पकड़ा अवैध रेलवे के लोहे से भरा ट्रक

10 संस्कारधानी
छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं से बनी...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 02 अक्टूबर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-41 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राहुल ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख सोशल मीडिया पर किया साझा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भय, धर्म तथा अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की राजनीतिक चर्चा के बीच सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से एक लेख रविवार को सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है। गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज़ में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रुपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं।

### इंडिया' ब्लॉक पंजाब कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद टूट जाएगा : ठाकुर



**ऊना (हिमाचल प्रदेश)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्षी दलों का गुट इंडिया ब्लॉक पंजाब कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के तुरंत बाद टूट जाएगा और नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। ठाकुर निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर (पीजीआईएससी) के दौरे पर आए और काम की प्रगति का जायजा लिया।

# धान, रेल, पीएससी सब पर प्रधानमंत्री ने गलत बयानी किया : भूपेश बघेल




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर में आकर झूठ परोसकर चले गए। केंद्र सरकार ने धान खरीदी पर बोनस देने में प्रतिबंध लगा दिया है। वर्ष 2014 से वर्ष 2017 के बीच किसानों से धान खरीदी का प्रतिशत लगातार कम होता चला गया। अब यह कह रहे हैं कि हम किसानों का एक-एक दाना धान खरीदेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया था कि दाना-दाना धान केंद्र सरकार खरीदती है ऐसा है तो केंद्र सरकार आदेश जारी करे। 2 साल के बचे बोनस पर कहा कि हम देना चाहते थे मगर केंद्र सरकार ने बोनस देने पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएम मोदी लगातार आ रहे है, झूठ परोस रहे हैं। 2014 में डबल इंजन की सरकार थी, जब तक डबल इंजन की सरकार रही, धान की खरीदी कम होती गई, बोनस देने से मना किया, अब कहते है कि एक-एक दाना ख़रीदना है तो अभी आप 3 अक्टूबर को आने वाले है उससे पहले घोषणा हो जानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के साथी दोमुहीं बात न करे। पीएम मोदी ने रेल के लिये 6 हजार करोड़ देने की बात कही थी। क्या रेलवे सिर्फमाल ढोने के लिये बनी है? अगर नहीं तो इतनी यात्री गाड़ियां आखिर क्यों रद्द की जा रही है? जिस दिन वे बिलासपुर में दौरे पर थे उस रोज भी 34 रेलगाड़ियां रद्द थी। जितनी ट्रेनें अभी रद्द हो रही है इतिहास में नहीं हुई। छत्तीसगढ़ की जनता से बदला क्यों ले रहे है, पीएम 3 तारीख को आ रहें है उससे पहले आवास की केन्द्रांश की राशि जारी कर दे। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से बस्तर में एम्स अस्पताल खोलने की मांग की।

## अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने मोदी सरकार बस्तर के लोगों को धोखा दे रही : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की मोदी सरकार बस्तर के नगरनार में एनएमडीसी द्वारा लगाये गये इस्पात संयंत्र को बेच रही है। नगरनार इस्पात संयंत्र बस्तर के लोगों की भावनाओं और उनके आर्थिक हितों से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। बस्तर के लोगों की भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिये कांग्रेस जन आंदोलन छेड़ेगी। हम 3 अक्टूबर को बस्तर बंद का पूरा समर्थन करते है। एनएमडीसी के द्वारा नगरनार में बनाये गये इस्पात संयंत्र बस्तर की स्थानीय जनता की जमीन पर बनाया गया है। नगरनार इस्पात और बैलाडीला एनएमडीसी के स्थापना में हमारे बस्तर के लोगों ने बहुत कुछ खोया है और जब कुछ पाने का दिन आया है तो केंद्र सरकार उसको निजीकरण कर रही है जिसके चलते हमारा बस्तर ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ के बेरोजगार, आदिवासी समाज, अन्य समाज काफी आक्रोशित है। नगरनार स्टील प्लांट के लिये लगभग 610 हेक्टेयर निजी जमीन अधिग्रहित की गई है, जो सार्वजनिक प्रयोजन के लिये ली गई है। साथ ही नगरनार स्टील प्लांट में लगभग 211 हेक्टेयर सरकारी जमीन निःशुल्क छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। राज्य शासन से जो जमीन एनएमडीसी को हस्तांतरित की गई है, उसकी पहली शर्त यही है कि भूमि का उपयोग केवल एनएमडीसी द्वारा स्टील प्लांट स्थापित किये जाने के प्रयोजन के लिए ही किया जायेगा।

## हम नगरनार संयंत्र के निजीकरण का विरोध करेंगे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में देने का बस्तर में विरोध हो रहा है। नगरनार स्टील प्लांट केंद्र नहीं चला पा रहा है तो उसे छत्तीसगढ़ सरकार को दे दो हम उसे चलाएंगे। केंद्र सरकार ने कहा कि विनिवेशीकरण की प्रक्रिया में ऐसा क्लाज लगा दिया है कि निजी हाथों की जगह राज्य सरकार यह प्लांट ना ले सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना हो रही थी तो छत्तीसगढ़ के लोगों ने इस प्लांट को निजी हाथों में देने के लिए जमीन नहीं दी है। नगरनार स्टील प्लांट से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद की गई है। यहां के विकास की उम्मीद की गई है। यह उम्मीद की गई है कि इससे हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विकास की नई शुरुआत होगी। लेकिन अब दिख रहा है कि प्लांट की स्थापना के बाद इसे निजी हाथों को सौंपने की साजिश की जा रही है। सारे सपनों को चकनाचूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के लोगों का सपना चकनाचूर नहीं होने देंगे। हम नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में देने का विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में थी तो प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में नहीं देने और इसे छत्तीसगढ़ सरकार को देने के लिए अशासकीय संकल्प पारित किया गया और अब हमारी पार्टी जब सत्ता में है तो हमने इसके लिए शासकीय संकल्प पारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि नगरनार स्टील प्लांट के बारे में जब विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया तो उसमें भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने भी सहमति दी थी। किसी भी उद्योग का निजीकरण हो जाने से उसका मुनाफा सिर्फ कुछ लोगों की जेब में चला जाता है। यहां के युवाओं को निजीकरण से कुछ फायदा नहीं होने वाला है। किसानों के लिए भी कुछ नहीं किया जाएगा। पीएम बस्तर और छत्तीसगढ़ के लोगों को आश्वस्थ करें कि प्लांट की जमीन निजी हाथों में नहीं बेचेंगे। हमने जमीन एनएमडीसी को दिया था। नगरनार संयंत्र को लेकर कहा कि इस संयंत्र का निर्माण बस्तर के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया है। टाटा, जिंदल, वेदांता तथा अडानी की कंपनियों के अधिकारी सर्वे करने पहुंचे थे। अगर ऐसा नहीं है तो फिर प्रधानमंत्री मोदी जनता को ये भरोसा दिलाएं कि ये संयंत्र नहीं बिकेगा?

## मोदी ने 13,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की रखी आधारशिला



वार्ता हैदराबाद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना में 13,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कई योजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। बाद में मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि तेलंगाना में जिन विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है, वे राज्य के युवाओं को कई अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी महसूस हो रही है, इससे करोड़ों मेहनती किसानों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मुलुगु जिले में 900 करोड़ रुपये की लागत से केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी जिससे युवाओं, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों को लाभ होगा। परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड आपूर्ति श्रृंखला के मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करेगा और किसानों के लिए अवसंरचना विकास में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय का नाम श्रद्धेय आदिवासी देवी सम्मक्का-सरक्का के नाम पर रखा जाएगा। विकास परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने त्योहारों के आगमन को रेखांकित किया और कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से नवरात्रि की शुरुआत से पहले ही शक्ति पूजा की भावना स्थापित हो चुकी है। मोदी ने एलपीजी सिलेंडरों की संख्या 2014 में 14 करोड़ से बढ़कर 2023 में 32 करोड़ होने की बात की और गैस की कीमतों में हाल ही में हुई कमी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार देश में एलपीजी वितरण नेटवर्क के विस्तार को गति प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने कृष्णापटनम से हैदराबाद के बीच बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन की आधारशिला रखने का भी बात की, जिससे तेलंगाना में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। हैदराबाद विश्वविद्यालय के पांच नए भवनों का उद्घाटन किया जिसमें स्कुल ऑफइकोनॉमिक्स, गणित और सांख्यिकी, प्रबंधन अध्ययन, व्याख्यान हॉल परिसर-III और सरोजिनी नायडू स्कूल ऑफआर्ट्स एंड कम्युनिकेशन (एनेक्सी) शामिल है।

## बिना केंद्र के सहयोग से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी नहीं हो सकती : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक व पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि धान खरीदी को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार फैलाए जाने वाले अपने झूठ का पर्दाफाश खुद प्रदेश सरकार ने कैबिनेट मीटिंग के बाद अब अपने विज्ञापन में भी कर दिया है और यह मान लिया है कि छत्तीसगढ़ का धान केंद्र सरकार ही खरीदती है। अग्रवाल ने छपे प्रदेश सरकार के एक विज्ञापन का हवाला देकर कहा कि प्रदेश सरकार को अब समझ आ गया है कि झूठ के पैर नहीं होते और सच को लंबे समय तक अंधेरे में ढँका नहीं जा सकता। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने पाँच साल की धान खरीदी के जो आँकड़े इस विज्ञापन में दिए हैं, उससे साफ प्रमाणित हो रहा है कि छत्तीसगढ़ के किसानों का धान केंद्र सरकार ही खरीदती है और चावल के रूप में 80 प्रतिशत से ज्यादा का भुगतान प्रदेश सरकार को करती है। यही बात भाजपा जब कहती है तो कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार इस पर झूठ बोलकर अपने दम पर धान खरीदी की बात करती रही है। अग्रवाल ने कहा कि विज्ञापन में प्रदेश सरकार ने माना है कि भारत सरकार ही धान ख़रीदती है और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्के का उपार्जन इस वर्ष एक नवंबर से उपार्जन किया जाएगा। अपने दम पर धान खरीदी का दंभपूर्ण बयान देकर कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार जिस तरह प्रदेश के किसानों को बरगलाने का काम लगातार करती आ रही थी, पर अब कांग्रेस का यह झूठ और प्रपंच बेनकाब हो गया है। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी को लेकर कांग्रेस का वह दावा खोखला साबित हो गया है भूपेश सरकार बिना केंद्र के सहयोग के छत्तीसगढ़ में धान खरीद सकती है। भूपेश सरकार में इतना दम नहीं है कि वह मोदी सरकार के सहयोग के बिना छत्तीसगढ़ में धान खरीदी कर सके। धान की कीमत की 80 से 90 प्रतिशत राशि मोदी सरकार देती है। सच्चाई यह है कि राज्य सरकार जितना धान संगृहीत करती है, उसका लगभग 85 प्रतिशत धान चावल के रूप में मोदी सरकार खरीदती है। अग्रवाल ने कहा कि भूपेश सरकार धान खरीदी में काफी घालमेल करके झूठ परोस रही है और किसानों व प्रदेश को गुमराह कर रही है। केन्द्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ किसानों का पूरा का पूरा धान खरीदने के लिए तैयार है, पर भूपेश सरकार सहयोग नहीं कर रही है। पिछले खरीफ मौसम में प्रदेश सरकार को धान खरीदी के बाद 61 लाख मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम को जमा करना था। बाद में यह कोटा राज्य सरकार के अनुरोध पर घटाकर 58 लाख मीट्रिक टन किया गया लेकिन उसमे भी राज्य कि कांग्रेस सरकार ने केवल 53 लाख मीट्रिक टन चावल ही जमा कराया है, जबकि सरकार दावा कर रही है कि छत्तीसगढ़ में 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

## रामबन में 300 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो गिरफ्तार

एजेंसी जम्मू
www.dailypioneer.com



पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 300 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा, रविवार रात रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने बनिहाल में रेलवे चौक पर हरियाणा में पंजीकृत एक वाहन को रोका। उन्होंने कहा, वाहन कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहा था। जांच के दौरान लगभग 30 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय काला बाजार में अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, यह अभियान एसएसपी रामबन और उनकी टीम द्वारा एकत्रित खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में कुख्यात तस्करों के खिलाफ रामबन पुलिस पहले ही मामला दर्ज कर चुकी है। एडीजीपी ने बताया कि रामबन जिले में 2022 में 104 और 2023 में अब तक 36 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इस दौरान 2500 किलोग्राम पोस्त भूसा, 30 किलोग्राम कोकीन, 10 किलोग्राम चरस, 200 ग्राम हेरोइन और 200 गोलियां बरामद हुई है। वहीं 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और तीन को पीआईटी एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिया गया है।




## राज्यपाल ने रिम्स में कैथ लैब का किया उद्घाटन


## चिकित्सक का धर्म सर्वप्रथम मरीजों की सेवा करना है : राज्यपाल हरिचंदन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि चिकित्सक का धर्म सबसे पहले मरीजों की सेवा करना है। चिकित्सक मरीजों के लिए भगवान की तरह होते हैं। उन्होंने चिकित्सा के विद्यार्थियों से गरीब मरीजों की सेवा करने का आवाहन किया। उक्त उद्गार राज्यपाल ने रायपुर इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में कैथ लैब के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। हरिचंदन ने कहा कि चिकित्सा के विद्यार्थियों को शिक्षा पूरी करने के बाद समाज और देश की सेवा करना चाहिए। विशेषकर ऐसे मरीजों का इलाज करना चाहिए जो गरीबी के कारण अपना इलाज अन्यत्र नहीं करा पा रहें हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का पेशा, श्रेष्ठ पेशों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड-19 का सामना अत्यंत साहस के साथ किया और देश-दुनिया को दिखा दिया कि भारत चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में मानवता की सेवा करके एक मिसाल कायम की। आपदा के इस समय के दौरान डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टॉफने हमारे हौसले बुलंद रखे थे। उन्होंने ने कहा कि आपके द्वारा अक्षरशः ली गई सेवा की शपथ का पालन करते हुए, आपने पूरे देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण का अर्थ समझाया है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सफलता हासिल करे और समाज और राष्ट्र की सेवा करें। इस अवसर पर राज्यपाल को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में रिम्स के कार्यकारी निर्देशक डॉ. के. के. वाधवा, डॉ. गम्भीर, डॉ. आदिले, फैकल्टी मेंबर एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अब श्रमिक परिवारों में अच्छे से हो रही जच्चा-बच्चा दोनों की देखभाल



# अबूझमाड़ में सेफ सेंटर

## गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव, बच्चों का भी पूरा पोषण

बेहतर इलाज की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सबसे घोर नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में सेफ सेंटर यानी सुरक्षित केंद्रों की स्थापना की गई है। यहां घने जंगलों और पहाड़ों में बसे गांवों की गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी के लिए यह पहल की गई है। महिलाओं को प्रसव की संभावित तिथि से कुछ दिन पूर्व ही यहां लाकर उनकी देखभाल की जाती है। उनके रहने-खाने का यहां सारा इंतजाम है, ताकि प्रसव के वक्त जच्चा-बच्चा को सही पोषण, इलाज और जानकारी दी जा सके। इसी तरह कुपोषित बच्चों के लिए भी अलग से केंद्रों की स्थापना की गई है, ताकि कुपोषण के दायरे में आने वाले बच्चों को सही पोषण देकर उन्हें स्वस्थ श्रेणी में लाया जा सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू हुए इन सेंटरों से अब स्वस्थ महिलाएं और तंदुरुस्त बच्चे घर लौटने लगे हैं।



मुख्यमंत्री बघेल के नारायणपुर दौरे के दौरान यह बात सामने आई थी कि दूर-दराज की महिलाओं और बच्चों के इलाज और उन्हें सही पोषण न मिलने से उन्हें कमजोरी और तकलीफों का सामना करना पड़ता है। तब उन्होंने अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा कर ऐसे पोषण पुनर्वास केंद्रों की स्थापना के लिए कहा था। नारायणपुर का अबूझमाड़ क्षेत्र ओरछा ब्लॉक के दायरे में आता है। वर्तमान में यहां गांवों का सर्वे कर बुनियादी सुविधाएं और जरूरी संसाधन पहुंचाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अंदरूनी क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चों को सही पोषण, देखभाल और इलाज मिल सके, इसके लिए पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है। गर्भवती महिलाओं को यहां कुछ दिन पहले लाकर उन्हें भोजन, दवाएं और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी जाती हैं। डॉक्टर और नर्स उनकी निगरानी करते हैं और सही वक्त आने पर उनकी नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी कराई जाती है।

## अबूझमाड़ में गर्भवती के लिए 4 सेंटर संचालित

**1**

**ओरछा**




**2**

**धौड़ाई**



**3**

**धनोरा**



**4**

**बड़ेजम्हरी**



## प्रसव के 15 दिन पहले सेंटर पहुंची सामी की हुई सुरक्षित डिलीवरी

ओरछा से 35 किमी दूर गवाडीह गांव की श्रीमती उसेंडी को प्रसव से 15 दिन पहले ही ओरछा के पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया था। यहां उसकी जांच के बाद उसे सही पोषण और दवाएं दी जाने लगीं। प्रसव पीड़ा उठी तो उसे यहां के स्वास्थ्य केंद्र से दाखिल कराया गया। अगले दिन उन्होंने 3 किलो के स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। सामी के परिवार वालों ने बताया कि उन्हें यह अच्छे से पता ही नहीं था कि गर्भवती होने के दौरान कौन-कौन सा भोजन और जरूरी पोषण लिए जाते हैं। गांव के लोगों ने भी इस व्यवस्था से खुशी जाहिर की। अब तक इस गांव की 90 फीसदी महिलाओं की घरों में ही डिलीवरी हुआ करती थी। सेंटर खुलने पर गांव के ही लोग गर्भवती महिला को यहां लाकर भर्ती कराने लगे हैं। महिलाएं जागरूक हो रहीं हैं और राज्य सरकार की दूसरी योजनाओं का लाभ भी लेना शुरू कर चुकी हैं।



### एक कॉल और तुरंत पहुंचती है बाइक एंबुलेंस

ओरछा के अंदरूनी क्षेत्रों में बसे गांव तक बड़े वाहनों का पहुंचना बहुत ही मुश्किल होता है। ऐसे में प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचने में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता था। राज्य सरकार ने महिलाओं की तकलीफों को दूर करने के लिए बाइक एंबुलेंस की शुरुआत की। गर्भवती महिलाएं जैसे ही दर्द उठता है, तुरंत एंबुलेंस चालक को कॉल करती हैं और एंबुलेंस में बैठकर सीधे सेंटर में पहुंच जाती हैं। सेंटर में महिलाओं के लिए घर जैसा वातावरण तैयार किया गया है, जहां उन्हें बच्चे और मां के पोषण के अलावा ख्याल रखने के टिप्स दिए जाते हैं। इससे गर्भवती महिलाएं जागरूक हो रही हैं। बच्चों की देखभाल भी बेहतर तरीके से कर रही हैं।

## परिजनों को अब डिलीवरी की चिंता नहीं करनी पड़ती

परिजनों को अब डिलीवरी की ज्यादा चिंता नहीं करनी पड़ती। आपात स्थिति में एंबुलेंस के लिए भी कोई झंझट नहीं है। यह कहना है ओरछा से 20 किमी दूर दुग्गीपारा गांव की देवली कोर्राम का। उन्होंने बताया कि पहले कई किलोमीटर पैदल चलकर हॉस्पिटल पहुंचकर डिलीवरी करानी पड़ती थी, लेकिन अब बाइक एंबुलेंस गांव तक पहुंचती है। गांव से सीधे ब्लॉक के सेंटर में लेकर आती है। यहां जब तक डिलीवरी नहीं होती, तब तक ठहरने की सुविधा रहती है। डाइट भी ऐसी रहती है कि जो चाहें वह चीज खिलाई जाती है।




### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स से गर्भवती महिलाओं को हो रहा लाभ

अबूझमाड़ क्षेत्र में ओरछा के आगे बड़े इलाके में आसान आवाजाही संभव नहीं है। बहुत से पहुंचविहीन गांव हैं, जहां के लोगों के लिए प्रसव और इलाज के लिए तत्काल एंबुलेंस की सुविधा आसानी से नहीं मिल पाती। ऐसे दूरस्थ इलाकों के मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए इस तरह के सेंटर काफी मददगार साबित हो रहे हैं। इससे मातृत्व दर भी बढ़ रही है। महिलाओं को अगर अन्य बीमारियां भी हैं, तो उन्हें उन जगहों से लाकर अस्पताल में दाखिल कराया जाता है। जरूरत पड़ने पर उन्हें भी इन सेंटरों में रखने का इंतजाम है।

## 22 माह की बच्ची का बढ़ा वजन

लक्ष्मी पैकरा की 22 माह की बेटी है, वह गंभीर कुपोषित थी। लब्जी आंगनवाड़ी केन्द्र में उसे दाखिल कराया गया। लक्ष्मी का कहना है कि अगर उनकी बेटी केन्द्र में नहीं पहुंच पाती तो सहायिका उनके घर में गरमा-गरम टिफिन घर पहुंचाकर देती हैं। पौष्टिक आहार मिलने से बेटी स्वस्थ हो गई है और गंभीर कुपोषित से बाहर निकल गई है। इसके लिए लक्ष्मी ने मुस्कराते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।



# सरगुजा में कुपोषित बच्चों को द्वार पर पोषण

छत्तीसगढ़ में सुपोषण अभियान आंगनबाड़ी केन्द्र से आगे बढ़कर बच्चों के घरों तक पहुंच गया है। लक्ष्य हर एक बच्चे को सुपोषित बनाने का है। कुपोषण से मुक्ति के लिए सरकार ने हर एक बच्चे के वजन को लक्ष्य बनाकर उन्हें पोषण देने का कार्यक्रम बनाया है। राज्य के सरगुजा में सुपोषण अभियान को पोषण तुंहर दुआर से जोड़ा गया है। जिन पंचायतों में कुपोषित व गंभीर कुपोषित बच्चे हैं, उन्हें आंगनवाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताएं खुद भोजन बनाकर घरों में पहुंचा रही हैं।

### दिया जा रहा पौष्टिक खाना

सरगुजा के ग्राम लब्जी की रीता राजवाड़े के ढाई साल के लड़के को सप्ताह में 6 दिन टिफिन का खाना मिलता है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा गंभीर कुपोषित था, जन्म से ही कमजोर होने के साथ-साथ उसका वजन कम था। अभी उसे पौष्टिक सब्जियां और खिचड़ी खाने को मिलती है। अब वो तेजी से गंभीर कुपोषण से मुक्त होकर स्वस्थ हो रहा है।



**हर एक बच्चे को सुपोषित बनाने का लक्ष्य**

IF Samvad- 38713/1

# नगर पालिका बीजापुर के सभी वार्डों में चला स्वच्छता अभियान

## कलेक्टर, एसपी, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने झाड़ू, फावड़ा, बाल्टी लेकर स्वच्छता का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com




1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से कलेक्टर, एसपी, सीआरपीएफ के जवान सहित जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने हाथ में झाड़ू, फावडा, बाल्टी लेकर नगर के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं कलेक्टर ने इस दौरान सभी दुकानदारो को स्वच्छता पर ध्यान देने, अपने-अपने परिसर को स्वच्छ रखने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस दी। स्वच्छता अभियान अन्तर्गत पुराना पेट्रोल पंप, नया बस स्टैंड, मुख्य मार्ग के किनारे, पुराना बस स्टैंड सहित सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बीजापुर नगरपालिका सहित नगर पंचायत भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में भी लोगों ने स्वच्छता अभियान में बढ.चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने आमजनों को इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की थी। जिस पर लोगों ने सहर्ष स्वप्रेरित होकर एक घंटा स्वच्छता के लिए भागीदारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को बताया और स्वच्छता शपथ दिलाई। जिसमें स्वच्छता के लिए समय निकालने, सजग रहने, लोगों को जागरुक करने और स्वच्छ भारत का निर्माण करने में अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी केएस मशराम, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी डीएस उर्वसा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण, सीआरपीएफ एवं छ.ग. पुलिस के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शहीद वेंकटराव महाविद्यालय के विद्यार्थी , राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने भी सीआरपीएफ 170 बटालियन के जवानों के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होकर नगर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया।

## एनएमडीसी किरंदुल द्वारा ग्राम मदाड़ी में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया आयोजित






पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी के जयंती पर 02 अक्टूबर वर्ष 2014 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार ग्राम मदाड़ी में एनएमडीसी परियोजना द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को ग्राम मदाड़ी में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत एक घंटे का श्रमदान किया गया। इस दौरान एनएमडीसी डीजीएम नपर्सनल जी वेलबसन्तन एजीएम पर्सनल अभिजीत घोष एनएमडीसी सीएसआर आनंद कुमार शिक्षक हीरा लाल बेलसरे,सरोज माँझी,तूरफान खान ग्रामीण, ठेका श्रमिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सब का दायित्व





पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन स्वच्छता लीग सेवा के तहत एक अक्टूबर को स्वच्छता जागरूक अभियान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल में एक घंटा का श्रमदान कर स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी यों ने स्व.महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दिया। रविवार सुबह 10 बजे से एक घण्टा पूरे स्कूल में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रमदान में स्थलों में साफ सफाई के साथ ,फॉगिंग,खरपतवार की सफाई ,व सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया । श्रमदान अभियान में सभी वर्गों के लोगों ने जुड़कर एक साथ बढ़ चढ़कर सफाई अभियान को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग दिया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रेम बहल ठाकुर भुवनेश्वर नाग, राजेश्वरी सलाम, कुमुदिनी पांडे, सुषमा दत्ता यास्मीन बानो, हरि सेठिया, निर्मल चंदेल, उषा व अन्य मौजूद थे।

# स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा की उपस्थित मे नया बस स्टैंड बीजापुर मे आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य ने लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने विशाल जनसमूह को निष्पक्ष, स्वतंत्र और बिना किसी डर, भय, दबाव एवं प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने शतप्रतिशत मतदान करने शांति व्यवस्था को बनाए रखने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य रुप से मतदान करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर जिला प्रशासन, सीआरपीएफ, जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं विशाल जनसमुदाय ने उपस्थित होकर शपथ ली।

# विधायक विक्रम मंडावी ने भैरमगढ़ में किया सामाजिक भवनों का लोकार्पण

■ धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के लोग लम्बे समय से सामाजिक भवनों की कर रहे थे

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



शनिवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने ब्लॉक मुख्यालय भैरमगढ़ में धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के सामाजिक भवनों का लोकार्पण किया है। अब नये भवनों में धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के लोग अपने समाज की गतिविधियों को संचालन सुचारू रूप से कर सकेंगे। समाज के लोग लंबे समय से सामाजिक भवनों की माँग कर रहे थे। इन भवनों को दस-दस लाख रुपयों की लागत से निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच के अनुसार प्रत्येक समाज के लिए समाज का अपना सर्वसुविधा युक्त सामाजिक भवन दिया जा रहा है जिससे कि वे अपने सामाजिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से कर सके इसी सोच के अनुसार जिले के सभी समाज के लोगों के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है।÷ लोकार्पण के अवसर पर धाकड़ समाज, कलार समाज और यादव समाज के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक विक्रम मंडावी का आभार जताया है।

इस दौरान ज़िला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप, मंडी उपाध्यक्ष व धाकड समाज के अध्यक्ष नकुल ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, महामंत्री सुखदेव नाग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छु मोडियाम, मनधर नाग, जगदेव यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## आज होगा आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए शिविर

**कोंडागांव।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु आज 2 अक्टूबर को आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविरों का आयोजन कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान भवः कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना हैं, ऐसे हितग्राहियों का प्राथमिकता के आधार पर 2 अक्टूबर को आयुष्मान पंजीयन कार्य स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह ने अपील की हैं कि, ऐसे हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना हैं। वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाईल नम्बर के साथ अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकताओं से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के वृद्धजनों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा एजुकेशन सिटी परिसर के समर्थ दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बोधी ताती ने सभी वृद्धजनों को शाल और श्रीफल भेटकर सम्मानित कर आशीर्वाद लिया इस दौरान बोधी ताती ने वृद्धजनों, अपने-अपने माता-पिता, बड़े बुजुर्गो का सदैव ध्यान रखने उनकी जरुरतों का ध्यान रखने उन्हें पर्याप्त समय देने एवं सदैव आदर और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने बात कही। घर के बड़े बुजुर्गो की छाया मे हमारा बचपन और जवानी संवरता है। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बगैर कोई भी अपना मुकाम हासिल नहीं करता उनकी देखभाल करना हमारा दायित्व है। बड़े बुजुर्ग जिस घर में खुश रहते है वहां कभी भी अशांति नहीं रहती, घर का माहौल खुशनुमा रहता है। उपस्थित सभी जनों को हमेशा अपने बड़े बुजुर्गो और वृद्धजनों का सम्मान करने और उनका ध्यान रखने का संकल्प लेने की बात कही। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, सीएमओ बीजापुर पॉल दास, जाकीर खान सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिव कोर्राम ने हंगवा गांव में उपलब्ध कराया पानी टैंकर

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के हंगवा गांव के जनपद सदस्य शिव कोर्राम ग्रामीणों की वर्षो से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं के तहत पानी टैंकर ग्राम पंचायत हंगवा के लोगों के लिए उपलब्ध कराया। हंगवा गांव में पानी की समस्या के बावजूद, शिव कोर्राम ने ग्रामीणों के लिए समाधान प्रदान करने के लिए कई सामाजिक कार्यों में सहयोग किया। गांव के लोग हमेशा पानी की टैंकर की मांग करते रहे थे, लेकिन शिव कोर्राम ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार की योजनाओं के तहत इसका समाधान किया। उन्होंने हर घर नल जल योजना को ग्राम में लागू किया, जिससे गांव के लोगों को उचित पानी पहुंच सके। इस कदम से ग्रामीणों को सरकार के समस्या समाधान करने के लिए भरोसा दिलाया गया और हंगवा गांव के पंचायत के प्रमुख शिव कोर्राम और उपसरपंच हीरालाल नेताम ने इस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांव के सभी ग्राम वासियों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित रहा। हगवा गांव के ग्रामीणों की पानी की समस्या को समाधान करने में सफलता प्राप्त की गई, जिससे ग्रामीणों का जीवन सुखमय बना।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए सेंट जेवियर्स के छात्र-छात्राएं

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




नगर के स्थानीय सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनी। इस अभियान के तहत, छात्र-छात्राएं ने एक रैली निकाली और लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस घटना में बच्चों ने तालाब पार्क पहुंचकर बंधा तालाब पार्क का सफाई किया, जिससे यह स्थल स्वच्छ और सुंदर बना। छात्र-छात्राएं ने स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए अपने साथी छात्रों को भी जोड़ा और एक साझा उद्देश्य के लिए मिलकर काम किया। इस आयोजन ने स्थानीय समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और एक साथमिलकर काम करने का संदेश दिया। छात्र-छात्राएं ने महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन किया और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा दिया।

## फूलमाला व कांग्रेस का गमछा पहना किया विधायक ने स्वागत

# कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित हो कर 18 लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की दूरगामी सोच वाणिज्य व आबकारी मंत्री कवासी लखमा जी,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के मार्गदर्शन व बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी के द्वारा किये जनकल्याणकारी विकास कार्यो से प्रभावित हो कर भैरमगढ़ ब्लाक के फुलगट्टा से महेश कड़ती, नीला राम कडती, झूमर कडती, मुन्ना कश्यप, मानसिंग यादव व तड़केल से (तेरह) रमेश ककेम, सोना राम रैयाम, सुकरु रैयाम, अर्जुन रैयाम, धनीराम रैयाम, सोमारू रैयाम, सीता राम हेमला, सुकारू हेमला, सुकलु हेमला, सोमारू ककेम, मासाराम उरसा, छन्नू ककेम, राजा राम हेमला सभी लोगो ने आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है। विधायक निवास बीजापुर में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी,जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष सोनू राम पोटाम, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव सुखदेव नाग,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर ने सभी नव प्रवेशी लोगो को कांग्रेस पार्टी का गमछा व फूलमाला पहना कर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष कांग्रेस के लिये समर्पित हो कर काम करने का भी संकल्प लिया है।

## गांधी जयंती पर हरवेल में शुरू हुआ साफ सफाई अभियान

**कोंडागांव।** जिले के ग्राम पंचायत हरवेल में नवाखाई ठाकुर जोहारनी की तैयारी के तहत साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्घाटन गोंडवाना भवन उपखंड हरवेल में किया गया हैं, जिसके दौरान गोंडवाना भवन के आसपास सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवाखाई ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम को हर वर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता हैं और इस वर्ष भी यह कार्यक्रम धूमधाम से शुरू किया गया हैं। यह कार्यक्रम आखिरी चरण में है और सभी तैयारियां पूरी हो रही हैं। कार्यक्रम में हरवेल ग्राम पंचायत के सरपंच सनबती महेश नेताम, उपसरपंच बालसिंह मंडावी और अन्य सदस्य शामिल हैं, जो इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सशक्त प्रयासरत हैं। इस साफ सफाई अभियान के माध्यम से स्थानीय समुदाय को साफ और स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा हैं और साथ ही इसका उद्घाटन गांधी जयंती के अवसर पर किया गया हैं।

# राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह

पायनियर संवाददाता ◂ बचेली
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी बैलाडीला आयरन ओर माइन, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 30-09-2023 को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, एसकेएमएस एवं एमएमडब्लयूयू के अध्यक्ष, सचिव एवं पुरस्कार विजेताओं अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विजेता प्रतिभागी शिक्षकों की उपस्थिति रही। ज्ञातव्य है कि दिनांक 14-09-2023 से 29-09-2023 तक परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन, धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) सह सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा के समन्वय एवं सौरभ चढ़ार, कनिष्ठ प्रबंधक (राभा) के नेतृत्व में राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस तारतम्य में सौरभ चढ़ार, राजभाषा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष बीआईओएम, बचेली इकाई संकुल में भारत सरकार की राजभाषा नीति के दिशा-निदेर्शो के अनुरूप राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस वर्ष भी 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन पुणे में हुआ था। इस अवधि में बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों, कर्मचारियों, गृहणियों एवं शिक्षकों हेतु हिन्दी निबंध, हिन्दी टंकण, रिक्त स्थान भरें, चित्र देखें एवं लिखें, लघुकथा लेखन एवं लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के करकमलों से वर्ष 2022 के दौरान राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु सिविल विभाग को राजभाषा शील्ड एवं वित्त विभाग को राजभाषा कप प्रदान किए गए। तत्पश्चात राजभाषा पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने राजभाषा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार कंपनी एवं प्रोजेक्ट में अविरत रूप से किया जा रहा है।

इस भाषा में अभिव्यक्ति अधिक प्रभावशाली है। स्वागत उद्बोधन धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया, तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चढ़ार, कनिष्ठ प्रबंधक (राभा) एवं धन्यवाद ज्ञापन नरेन्द्र अम्बादे, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) द्वारा किया गया।

# थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा डीजे वालों पर कसा शिकंजा

## गणेश विसर्जन के दौरान तीव्र आवाज से डीजे बजाने वाले 02 अनावेदकगण के विरूद्ध कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com






पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा गणेश विसर्जन के दौरान तीव्र आवाज से डीजे बजाने वाले पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था कि अति. पुलिस अधीक्षक हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश एवं निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर द्वारा धारा 04,05,15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 30.09.2023 को दौरान टाउन भ्रमण के रात्रि 11 बजे सूचना मिली कि अनावेदकगण गणेश विसर्जन के दौरान मण्डी रोड पर वाहन क्र. CG-11-AB-2187 2) वाहन क्र . CG 04 JC 1440 जिसमें डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ है के संचालक राजा देवदास पिता राजेन्द्र देवदास उम्र 35 साल साकिन नेहरूवार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर सुभाष गुजरतिया पिता भरतलाल गुजरतिया उम्र 33 साल साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर द्वारा तीव्र आजाज में डीजे साउण्ड सिस्टम चलाते बजाते मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष वाहन CG-11-AB-2187 एवं CG 04 JC 1440 जिसमें डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 04,05,15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे, प्रोउपुअ सुसन्ता लकडा, प्र.आरक्षक जेठु राम मनहरे आर. उमेश वर्मा, का विशेष योगदान रहा।

# कबड्डी छत्तीसगढ़ के माटी से जुड़ी हुई प्रतियोगिता है : नीलम ध्रुव

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के प्रदेशव्यापी खेल विधा कबड्डी प्रतियोगिता का दो दिवशीय आयोजन जय ठाकुर देव स्पोर्ट्स क्लब एवं समस्त ग्रामवासी अमनपुरी के तत्वाधान में किया गया, जिसके समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम ध्रुव, जिला अध्यक्ष, महिला विंग,आम आदमी पार्टी महासमुंद के साथ केशव पटेल ब्लॉक अध्यक्ष खल्लारी, रामदयाल पटेल ब्लॉक अध्यक्ष कोमाखान, गुणसागर साहू सेक्टर प्रभारी खमहरिया, भूषण सिंह मीडिया प्रभारी विधानसभा खल्लारी, मोहन चौधरी सेक्टर प्रभारी ऊखरा, आशीष वाकडे सरपंच कोमाखान, भोज चक्रधारी सक्रिय कार्यकर्ता व उपसरपंच परसुली अमनपुरी, संतोषी साहू, सेक्टर प्रभारी वार्ड नंबर 12 बागबाहरा, संतोष कोसरिया जी सक्रिय कार्यकर्ता एवं समस्त कार्यकर्ता गण आम आदमी पार्टी विधानसभा खल्लारी के अतिथियों का गरिमामय में उपस्थित रहा। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती नीलम ध्रुव के द्वारा अपने उद्बोधन में युवाओं को खेल विद्या को सामाजिक परिदृश्य में आगे बढ़ाने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुआ कहा कबड्डी का खेल छ ग के माटी और संस्कृति से जुड़ी हुई प्रतियोगिता है, न जाने कब से यह खेल हमारे पूर्वजो द्वारा खेला जा रहा यह छ ग के हर गांव मे यह खेल खेला जाता है आज के युवाओं को इस विधा को आगे बढ़ाने की जरुरत है। उद्बोधन की कड़ियो में सभी अतिथियों ने लोगों से मतदान में संपूर्ण भागीदारी निर्वहन करने और ग्राम, क्षेत्र, प्रदेश और देश के विकास के लिए उपयुक्त एवं ईमानदार राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी को अपना बहुमूल्य मत प्रदान करने हेतु संपूर्ण जनमानस को आग्रह किया और प्रेरणाओं से भरपूर अपने उद्बोधन को जनसभा के बीच प्रेषित किया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजको ने संपूर्ण उद्बोधनों को सराहा और आम आदमी पार्टी की विचारधाराओं को आत्मसात कर सहयोग प्रदान करने की आश्वासन प्रदान किए।

## लाफिंग कला में बिजली कटौती व लोवोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने किया बिजली विभाग का घेराव



**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम लाफिंग कला में बिजली कटौती व लोवोल्टेज परेशान ग्रामीणों ने किया बिजली विभाग का घेराव विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू के नेतृत्व में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर से मिलकर समस्या से अवगत कराया, ग्रामीणों का कहना है कि उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है।रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते है। जिस पर ने बिजली विभाग के अधिकारी शंकेशवर कंवर ने इंजीनियर वर्मा को फोन कर समस्या के समाधान करने को कहा, साथ में नीरज साहू, ओमप्रकाश साहू, गजेन्द्र पटेल,रामसरन साहू, कुसपटेल, कुलेश्वर पटेल, लव पटेल, भारत यादव, हरिश साहू, टोपेशवर साहू सहित अत्यधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ गणेशोत्सव का समापन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





नगर में पिछले 10 दिनो से चला आ रहा श्री गणेश उत्सव का समापन होना चालू हो गया,सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति से जुड़े लोग जहा छोटे गणेश भगवान की प्रतिमा को कल्याण सागर तालाब में तो वही बड़े गणेश भगवान की प्रतिमा को सेमरिया घाट स्थित शिवनाथ नदी में गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारे से हाथ जोड़कर विसर्जित किए। नगर में पिछले 10 दिनो से अलग अलग मोहल्ला चौक चौराहों पर सार्वजनिक रूप से स्थापित किए गए गणेश भगवान के पंडाल से आने वाला शोर शराबा अब अब हो गया है। हिंदू पंचांग की 2 दो तिथि होने के कारण असमंजस में कुछ स्थानों में विराजित गणेश शुक्रवार को तो वही कुछ स्थानों में विराजित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा शनिवार को भी विसर्जित हुई। नगर के सबसे ज्यादा चर्चित बाल गणेश उत्सव समिति संजय वार्ड में विराजित श्री गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन पूरी आस्था, विश्वास, उमंग के साथ गाजे बाजे के साथ धूम धाम के साथ स्थानीय कल्याण सागर तालाब में शुक्रवार की शाम को किया गया। इस विसर्जन यात्रा की सबसे बड़ी बात गणेश पंडाल से पूरे रास्ते भर वार्ड की महिलाए महाराष्ट्रीयन ड्रेसअप में चल रही थी। विसर्जन यात्रा के प्रमुख चौराहों पर महिलाए नृत्य करते तथा रास्ते भर वार्ड वासी बच्चे नाचते गाते चल रहे थे। बताया जाता है की संजय वार्ड में स्थापित बाल गणेश उत्सव में पूरे 10 दिनो तक रात्रि में वार्ड वासियों के लिए प्रसादी की व्यवस्था समिति के द्वारा की जाती रही है और रात में ही नगर के भजन गायकों के द्वारा रोजाना भजन की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की जाती रही है। इस दौरान भी देर रात तक भजन सुनने वार्ड के सभी महिला,पुरुष,बच्चे उपस्थित रहते थे। भगवान श्री गणेश की बिदाई के दौरान महिलाएं काफी भावुक हो गई थी।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** किार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा 2030 के तहत 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के तहत उपस्वास्थ्य केंद्र परसूली मे अभियान चलाया गया। जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र परसूली के सीएच ओ खिलेश्वरी ठाकुर आरएचओ पदमन साव द्वारा ग्राम पंचायत परसुली के वाडों के गली मोहल्ले मे फौवड़ा झाड़ू चलाकर सफाई किया गया। उन्होने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने हेतु अपने घरो तथा आसपास मे गंदगी न फैलाने की सलाह दी गई। वही गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारीओं मे मलेरिया उल्टी दस्त से बचाव के लिए साफसफाई एवं साबुन से हाथ धोकर खाना खाने के लिए प्रेरित भी किया। स्वच्छता पखवाडा मे ग्रामीण जन बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए इस दौरान मितानिन एशन पटेल कलावती देवकी पटेल सरपंच मोतीन आनंद चक्रधारी सचिव सुनीता सोनवानी उप सरपंच भोजराम चक्रधारी एवं पंच उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मितान योजना से अब तक 360 लोगों को मिला घर बैठे प्रमाण पत्र



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री मितान योजना से लोगों को घर बैठे प्रमाणपत्र मिल जाने से दफ्तरों के चक्कर नही लगाना पड़ रहा है। जिले के नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं भाटापारा अंतर्गत निवासरत अब तक 360 लोगों ने इस योजना के तहत विभिन्न प्रमाण पत्र घर बैठे प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत सर्विस डिलीवरी को मजबूत करते हुए लोगों को घर बैठे प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके जाति, निवास, जन्म, मृत्यु विवाह आदि 13 प्रकार के दस्तावेज घर बैठे बनवाये जा सकते है। इस टॉल फ्री नंबर पर कॉल कर मितान से अपॉइंट लेकर जरूरी दस्तावेज एवं आवश्यक शुल्क देना होगा । प्रमाणपत्र या दसतावेज बन जाने पर मितान वह दसतावेज घर पहुंचाकर देगा। मुख्यमंत्री मितान योजना शुरुआत में नगर निगम क्षेत्रो तक ही था जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जुलाई 2023 से नगर पालिका परिषद तक विस्तारित किया है।

## बेटी बचाओ मंच ने पितृभोज का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पितृपक्ष द्वितीया श्राद्ध को बेटी बचाओ मंच महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र ने पूर्वजों की शांति और प्रसन्नता के लिए समर्पित किया। मंच पदाधिकारी महादेव घाट में एकत्र होकर उड़द दाल के बडा और पुड़ी का होम देकर पूजन किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की पितृ पक्ष हमारे पूर्वजों को समर्पित है। पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर उन्हें प्रसन्न कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। परिवार के लिए यह शुभ होता है। पूजन, हवन पश्चात परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा प्रमिला कोपुलवार ने सभी पदाधिकारियो को एक साथ बैठाकर उड़द का बड़ा, पूड़ी और सब्जी परोसा। दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त अवसर पर विशेष रूप से परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, प्रमिला कोपुलवार, वीणा तिवारी, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, कल्याणी यदु, सरस्वती साहू, उषा तिवारी, सुमन ठाकुर, सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस का मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा

**भाटापारा में पिछले 5 साल से 1 भी ट्रेन नही रुकी**

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले मेड़ता रोड जंक्शन रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव की सुविधा 01अक्टूबर, 2023 से प्रदान की जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए दिया जा रहा है। 01अक्टूबर, 2023 से बीकानेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस का मेड़ता रोड जंक्शन रेलवे स्टेशन में 21.55 बजे पहुचकर 22.00 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में दिनांक 04 अक्टूबर, 2023 से पूरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस का मेड़ता रोड जंक्शन रेलवे स्टेशन में 16.58 बजे पहुचकर 17.03 बजे रवाना होगी। वही सांसद सुनील सोनी के कार्यकाल में रायपुर रेल डिविजन के भाटापारा रेलवे स्टेशन में 1 भी ट्रेन का स्टॉपेज नही हुआ। भाटापारा रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 24 ट्रेनें नही रुकती है।

## संस्कृति विभाग द्वारा महात्मा गांधी की जीवन यात्रा पर तीन दिवसीय चित्र-प्रदर्शनी




**रायपुर।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ अंतर्गत संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी की जीवन यात्रा पर तीन दिवसीय चित्र-प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसमें उनके जन्म, बचपन, परिवार, किशोरावस्था में अध्ययन सहित जीवनकाल की उल्लेखनीय घटनाओं से संबन्धित 100 से अधिक चित्रों का समावेश है, जो भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में बापू के संघर्षो को दर्शाते हैं। गांधीजी के 22 से 27 नवंबर 2023 के दौरान छत्तीसगढ़ प्रवास से संबन्धित दस्तावेज़ भी इस प्रदर्शनी के आकर्षण होंगे। प्रदर्शनी का शुभारंभ विवेक आचार्य, संचालक पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय करेंगे। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के कला वीथिका में इस प्रदर्शनी का अवलोकन 02 अक्टूबर 2023 से 04 अक्टूबर 2023 तक सुबह 10:30 बजे से शाम 05:30 तक किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नशे से बचाव की जानकारी दी गई



**महासमून्द।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नशे से बचाव की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रहरी क्लब का गठन प्रभारी प्राचार्य परस राम सिन्हा के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाखू, गुड़ाखु, शराब, गांजा एवं अन्य नशाओ के दुष्परिणाम, जन धन की हानि इसके प्रभाव से होने वाली बीमारियों के उपचार हेतु समय और पैसे की बर्बादी होने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई और उपस्थित समस्त कर्मचारियों एवं छात्राओ को प्रेरित किया गया कि समाज मे लोगो से निवेदन करे कि नशा न कर अपने आप को, अपने परिवार को,अपने समाज और अपने देश को सुरक्षित कर अपना भविष्य उज्जवल बनाये प्रहरी क्लब में नवमी से कुमारी वैशाली, गीतांजली, लीला, कुंती,कक्षा दसवीं से कुमारी लीलेश्वरी, मनीषा साहू, पूनम निषाद, कनिका निषाद, कक्षा ग्यारहवीं से कुमारी भुनेश्वरी, तानिया, तनुजा, चंचल कक्षा बारहवीं से कुमारी यामिनी, कोमल, पल्लवी, खुशबू को शामिल किया गया कार्यक्रम में व्याख्याता गण रागिनी चन्द्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की व्यायाम शिक्षक ओम प्रकाश जायसवाल,शिक्षक रेणुका चन्द्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत एवं सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।

## आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर व वार्ड में स्वच्छता श्रमदान कर स्वच्छता महाअभियान मे हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




सरायपाली आदर्श बालक उच्च. माध्य. विद्यालय सरायपाली के स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से वृहद रूप में सामुदायिक सेवा कार्य हेतु स्वच्छता ही सेवा एक तारीख- एक घंटा अंतर्गत विद्यालय परिवार,नगर पालिका परिषद् स्टॉफ, एनसीसी,स्काउट गाइड, रेडक्रास, ईको क्लब, यूथ क्लब आदि के विद्यार्थियों एवं समर्पित शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ स्वच्छता हेतु विद्यालय परिसर एवं निकटवर्ती न.पा.प. सरायपाली के वार्ड में स्वच्छता श्रमदान कर इस राष्ट्रव्यापी स्वच्छता महाभियान में शामिल होकर सहभागिता दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा) एवं अध्यक्ष एसएमडीसी आदर्श बालक उ.मा.वि. सरायपाली प्रदीप गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में सबकी भागीदारी आवश्यक है साथ ही स्वच्छता को जीवन में आत्मसात करने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि शुरुआत हमेशा अपने आप से होनी चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ -साथ सामुदायिक क्षेत्रों की स्वच्छता भी नितांत आवश्यक है। उन्होंने बड़ी संख्या में सेवाभाव से स्वच्छता श्रमदान हेतु शाला परिसर में उपस्थितों को देखकर सराहना करते हुए अनुकरणीय बताया। नोडल प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल एवं सेजेस सरायपाली प्रभारी प्राचार्य लता साहु के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में व्याख्याता कृष्ण कुमार पाणिग्राही, रवीन्द्र कुमार पटेल, आनन्द कुमार भोई, जोगीलाल पटेल, महेश नायक,नरेश पटेल, मनोज पटेल, मीना एस.प्रकाश, सुब्रत प्रधान, दिनेश कर, साकेत रजवाड़े, प्रभारी प्रधान पाठक द्वय मनोज पटेल एवम् यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षक राजकुमार पटेल,विनोद कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर दास, दिनेश कुमार पटेल, सुनील कुमार दास,गजानंद प्रधान,रश्मि राजा, विशिकेशन नैरोजी, प्रधान पाठक आशा शर्मा, सहायक शिक्षक एल.बी.पात्रो, धनपत सिदार,भारती सिदार, नेतराम पटेल, प्रयोगशाला सहायक गुलाब चौहान, हिमाद्री प्रधान, भृत्य रामेश्वर चौहान, घसियाराम चौहान, केशव प्रसाद चौहान, गीती बरिहा, गोमती बरिहा, बेदमोती बंछोर आदि ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर श्रमदान किया। वरिष्ठ व्याख्याता के.के.पाणिग्राही द्वारा सामुहिक रूप से स्वच्छता हेतु संकल्पित होने सबको स्वच्छता शपथ दिलाया।

## जीके इलेक्ट्रिक कंपनी के अधिकृत डीलर मां ई व्हीकल द्वारा प्रथम थ्री व्हीलर ई रिक्शा डिलीवरी किया गया



**भाटापारा।** जीके इलेक्ट्रिक कंपनी के अधिकृत डीलर माँ ई व्हीकल द्वारा प्रथम थ्री व्हीलर ई रिक्शा डिलीवरी किया गया। छत्तीसगढ़ की नंबर वन इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर कंपनी जीके इलेक्ट्रिक के माँ इलेक्ट्रिक व्हीकल भाटापारा में शोरूम में सवारी थ्री व्हीलर, लोडिंग थ्री व्हीलर की सभी रेंज उपलब्ध है , ग्राहकों की सुविधा के लिए कम से कम ब्याज दर में और कम से कम डाउन पेमेंट में सभी एक ही छत के नीचे छत्तीसगढ़ के नंबर वन ब्रांड जी के इलेक्ट्रिकल के साथ सर्विस सेल्स स्पेयर सभी सुविधा उपलब्ध है।

# 1 क्विंटल गांजा के साथ 2 अन्तर्राज्जीय तस्कर कार सहित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ राज्य के सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किये जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफ कार्यवाही तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया था। कि 25 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि नुवापाडा, खरियार रोड ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप एक मारूति डीजायर कार में ओडिशा से महासमुन्द होते हुये महाराष्ट्र ले जाने वाला है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा एन.एच.353 के थानों की पुलिस टीम को त्वरित कार्यावाही करने हेतु निर्देशित किया व महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी तभी नुवापाडा, खरियार रोड ओडिशा की तरफसे 01 मारूति डीजायर कार क्रमांक MH 47 N 3147 महासमुन्द की ओर आ रही थी। जिसे मुखबिर के बताये अनुसार एन.एच.353 रोड टेमरी नाका के पास पहुचा जिसे घेराबंदी कर रोका गया। वाहन में 02 व्यक्ति सवार मिले जिससे नाम पता पुछने पर अपना नाम विवेक जाधव पिता रमेश जाधव उम्र 33 वर्ष सा. ग्राम नारायनपुर थाना अचलपुर जिला अमरावती, महाराष्ट्र हाल ग्राम साटे गांव थाना चिमचोली जिला अमरावती महाराष्ट्र तथा दूसरे व्यक्ति अपना नाम रोशन इंगले पिता सिध्दार्थ इंगले उम्र 30 वर्ष सा. ग्राम साटेगांव थाना चिमचोली जिला अमरावती महाराष्ट्र का होना बताये। जिनसे ओड़िशा आने का कारण व कार में क्या रखे है पूछे जाने पर टाल मटोल व गोलमोल जवाब देने लगे जवाबो में भिन्नता एवं असमानता पाये जाने पर संदेह प्रतीत हुआ है जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के पीछे डिक्की में 20 नग खाखी रंग के झिल्ली से पैक किया हुआ था। जिसे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 नग पैकेट में कुल 100 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ गांजा का रखने एवं परिवहन करने के संबंध वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया जो उक्त गांजा का वैध दस्तावेज नही होना बताया। वाहन पर अवैध गांजा परिवहन करते पाये जाने पर मौके पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 01 क्विंटल गांजा कीमती लगभग 5000000 रूपये एवं मारूति डीजायर कार कीमती लगभग 500000 रूपये तथा नगदी रकम 4000 रूपये, 01 नग मोबाईल कुल जुमला कीमती लगभग 25,04,000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर उड़िसा से लाना और महाराष्ट्र बिक्री करने ले जाना बताये। आरोपियों द्वारा भारी मात्रा में गांजा परिवहन किये जाने पर आरोपीओं के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत थाना कोमाखान में कार्यवाही किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन मे अति. पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु. अधिकारी (पु) बागबाहरा अजय शंकर त्रिपाठी के निर्देशन में थाना प्रभारी कोमाखान निरीक्षक रामअवतार पटेल, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक नसीम उद्दीन खान, सउनि. शिव प्रसाद आर. विरेन्द्र नेताम, युवराज ठाकुर, जुनैद खान, जमना प्रसाद भस्कर, अश्वनी चतुर्वेदी, द्वारा की गई।

# समाजसेवी जगदीश चंद्र अग्रवाल के श्रद्धांजलि सभा में 20 हजार से अधिक लोग हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com



नगर के वरिष्ठ नागरिक मिलनसार मृदुभाषी समाजसेवी जगदीश चंद्र अग्रवाल का 20 सितम्बर 2023 बुधवार को निधन हो गया। स्व. जगदीश चंद्र अग्रवाल के अंतिम यात्रा वार्ड क्रमांक 4 गुरु घासीदास नगर से निकली। स्व. जगदीश चंद्र अग्रवाल के अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। जिन्होंने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी श्रद्धांजलि सभा एवं गंगा भोज कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे कृषि उपज मंडी में तथा पगड़ी रस्म सायं 04:00 बजे निज निवास, जगदीशपुर रोड़ बसना में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखण्ड सहित क्षेत्र से 20,000 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल ने पुरा अग्रवाल परिवार एवं क्षेत्रवासियों के साथ अपने पुज्यनीय पिताजी स्व.जगदीश चंद्र अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी मेहमानों से भेंट मुलाकात किये। स्व. जगदीश चंद्र अग्रवाल बिलासपुर के जाने-माने व्यवसायी प्रहलाद राय अग्रवाल, नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल एवं गुलाब अग्रवाल के पिताजी तथा पूर्व जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष अनिता रामचंद्र अग्रवाल के ससुर थे। वहीं उनके पांच पुत्रों में एक नाम है डॉ.सम्पत अग्रवाल जो किसी परिचय की मोहताज नहीं। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल, नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक कर्ता-धर्ता होने के साथ पूर्व में नगर पंचायत बसना के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अपने दमदार नेतृत्व एवं नीलांचल सेवा समिति के माध्यम से जनसेवा कार्यो के बदौलत क्षेत्रवासियों के दिलों में राज करते हैं। डॉ. सम्पत अग्रवाल अपने सामाजिक- राजनीति की सफलताओं का श्रेय अपने पुज्यनीय पिताजी श्रद्धेय जगदीश चंद्र अग्रवाल को देते हैं। स्व. जगदीश चंद्र अग्रवाल हमेशा से अपने पुत्र डॉ.सम्पत अग्रवाल के क्षेत्रवासियों के प्रति निस्वार्थ जनसेवा कार्यो के बदौलत मिल रहें प्रेम व सम्मान पर गर्व महसूस करते थे।

### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए 20 हजार से अधिक लोग

श्रद्धेय स्व.जगदीश चंद्र अग्रवाल के श्रद्धांजलि सभा, गंगा भोज एवं पगड़ी रस्म में बालाजी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल के डायरेक्टर देवेन्द्र नायक, पूर्व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गौरीशंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रुपनारायण सिन्हा, पूर्व क्रेडा अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा, भाजपा सारंगढ़ जिलाध्यक्ष सुभाष जालान, बिलाईगढ नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेश देवांगन, राजेश शर्मा, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सर्व समाज प्रमुख सहित छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखण्ड सहित क्षेत्र से 20 हजार से शामिल होकर स्व. जगदीश चंद्र अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों से भेंट मुलाकात किये।

# रिसाली में एक साथ चला अभियान, जनप्रतिंधियो ने बनाई श्रृंखला, श्रम दान कर उजाड़ हो चुके गार्डन को सवारा

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com





स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रिसाली के 40 वार्डो में एक समय पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने श्रम दान किया। शहर को साफ सुथरा रखने महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेंद्र साहू ने मानव श्रृंखला भी बनाई। लगभग 4 घंटे के प्रयास के बाद महापौर की टीम ने वार्ड 27 मैत्री नगर के उजाड़ हो चुके गार्डन को सवारा। रिसाली के सभी वार्डो में सुबह 10 बजे से श्रम दान करने निर्धारित स्थान पर नागरिक एकत्र हुए। निगम महापौर और उनकी टीम मैत्री नगर फेस 6 स्थित गार्डन की सफाई करने जुटे। पाश कालोनी होने के बाद भी गार्डन की जमीन पर न केवल झाड़ियां उग आई थी, बल्कि आस पास के लोगो ने इसे ट्रेंचिंग ग्राउंड बना रखा था। देखने पर प्रतीत हो रहा था मैदान को कुछ घंटे में साफ करना असंभव है, लेकिन शहर सरकार और नागरिकों की मेहनत रंग लाई। इस अवसर पर विशेष रूप से एम आई सी चंद्रभान ठाकुर, अनूप डे, सनीर साहू , वार्ड पार्षद सुन्दा चंद्राकर, जमुना ठाकुर, विलास राव बोरकर, एल्डर मेन संतू दास, मो निजाम , शिशिर साहू , ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ व निगम के अधिकारी मौजूद थे।

**युवाओं ने सम्हाला मोर्चा**-विशेष अभियान में वार्ड पार्षद , नागरिक , सामाजिक संगठन और व्यापारिक संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। वार्डो में गठित राजीव मितान क्लब के युवा सदस्यों ने श्रम दान करने सक्रिय रहे।

# ‘नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डहरिया ने 216.80 करोड़ रुपए के 7 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज भिलाई नगर स्थित सतनाम भवन में 216.80 करोड़ रूपए की लागत के 7 निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज में व्याप्त जाति भेद, ऊंच नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गो के लिए विकास के कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने जो 36 वादे किए थे उसमें से 35 वादों को पूरा किया है। सभी वर्गो को ध्यान में रखकर मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जा रहा है। हमें अधिकार संविधान से प्राप्त हुए हैं इस अधिकार को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। सभी को मिलकर कार्य करना है।

निर्माण कार्यो में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में जनरेटर प्रदाय का कार्य हेतु 6 लाख रूपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में लिफ्ट लगाने का कार्य हेतु 24 लाख 44 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु 30 लाख 37 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य हेतु 49 लाख 99 हजार रुपए, गुरूघासी दास सेवा समिति सेक्टर 06 भिलाई नगर के समीप डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपए, सेक्टर 06 सतनाम भवन के पास में बोर खनन कार्य हेतु 1 लाख रूपए एवं वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अधोसंरचना अंतर्गत दशहरा मैदान का उन्नयन कार्य हेतु 15 लाख रूपए के कार्य शामिल है। इस अवसर पर विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, महापौर नगर निगम भिलाई नीरज पाल, नगर निगम भिलाई आयुक्त रोहित व्यास, अध्यक्ष गुरूघासी दास सेवा समिति से रामदयाल देशलहरा तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# विधायक एवं महापौर ने वार्ड 13 में हाई मास्क लाइट लगाने व सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## आर्य नगर क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की होगी सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 13 में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले समेत वार्ड नगरिको के बीच हाई मास्क ट्यूबलर पोल में प्रकाश व्यवस्था का भूमिपूजन किया। ट्यूबलर पोल में प्रकाश व्यवस्था होने से चौक व वार्डो में रोशनी जगमगायगा, बता दे कि वार्ड क्रमांक 13 अग्रसेन चौक से आईएमए चौक सिकोला भाठा तक एवं इंद्रलोक प्रांगण के करीब से देवेंद्र यादव के निवास तक जिसकी लागत 29.59 लाख बताई गई है।वही इंद्रलोक से लेकर देवेंद्र यादव के घर तक सीमेंटीकरण निर्माण कार्य और आर्य नगर दीपांशु काबरा के घर के सामने उद्यान में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य भूमिपूजन किया गया गया।विधायक अरुण वोरा ने आज प्रस्तावित विकास कार्यो के लिये भूमिपूजन किया। इसके बाद वे वार्ड में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल पैदल चलकर लोगों से मुलाकात की।और लोगों का हालचाल जाना एवं वार्ड की समस्याओं के बारे में भी अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने बड़े बुजुर्गो को प्रणाम कर आशीर्वाद लिए। लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास की जानकारी ली।

# सुशील सन्नी अग्रवाल ने किया सियानों का सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के संजय नगर में रायपुर जिले के धनगर ढेंगर समाज के द्वारा अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील सन्नी अग्रवाल आमंत्रित थे। अग्रवाल ने भारत गौरव माता अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। अग्रवाल ने समाज के सियान, प्रबुद्धजनों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किए। अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की धनगर समाज का इतिहास एक गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। इस समाज के बिना प्रदेश ही नहीं वरन पूरे भारत का विकास अधूरा है। विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर बुजुर्गो का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ इसके लिए आप सभी का धन्यवाद। अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कर्मकार कल्याण मंडल में संचालित विभिन्न श्रमिक एवं जन हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किए की अधिक से अधिक संख्या में इन योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर जगदीश धनगर, छोटे लाल धनगर, बी आर धनकर, मनोज धनगर, उमा धनगर, ममता धनगर, नरेंद्र पाल, राहुल धनगर, लाला धनगर, समीर अख्तर, नीलम नीलकंठ जगत सहित भारी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ की बेटियों की चीखें कब सुनेगी कांग्रेस सरकार : जितेंद्र वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को मध्यप्रदेश में एक बेटी के साथ हुई दुर्भाग्यजनक घटना दिखाई देती है लेकिन छत्तीसगढ़ में नवमीं में पढ़ने वाली बच्ची से बलात्कार के बारे में ये सभी चुप्पी साध लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कांग्रेस नेताओं से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म पीड़ित बेटियों की चीखें उन्हें क्यों सुनाई नही देतीं? छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए खड़गे ने पड़ोस के भाजपा शासन में क्या हो रहा है, इसकी जानकारी तो रखते हैं लेकिन जिस राज्य में खड़े होकर बयान दे रहे हैं वहां की स्थिति उन्हें मालूम नहीं है, या फिर यहां की बेटियों, बहनों, बुजुर्ग महतारियों की तकलीफों से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। राजधानी के करीब धरसीवां में पांच साल की बच्ची से बलात्कार होता है, लेकिन कांग्रेस के नेता चुप हैं। उन्हें सुकमा के पोटा केबिन में नन्हीं बच्ची की पीड़ा का एहसास नहीं है, आरंग के पास राखी के दिन एक बहन के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना पर भी सब कांग्रेस नेताओं की आंखे बंद रहती है। जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने दुष्कर्म के एक मामले में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को गुनाहगार बता दिया तो ये बात खड़गे को सुनाई दे गई। गांधी परिवार जो कहे, उसे दोहराना खड़गे का मुख्य कर्म और नित्य कर्म है। रोज ही उन्हें गांधी परिवार के वचनों का भजन गाना ही पड़ता है, वरना न जाने कब केसरी जी की गति को प्राप्त हो जाएं, इसलिए उतना ही सुनते हैं, जितना राहुल, सोनिया, प्रियंका बोलें उसके बाद उतना ही कहते हैं, जितना गांधी परिवार इजाजत देता है।

# संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को पेंशन प्रकरण लंबित होने की देनी होगी जानकारी

■ स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की प्रशासनिक पहल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले की शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की प्रशासनिक पहल की गई है। ऑनलाईन फोटो के माध्यम से स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग होगी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में विभागीय पहल की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के कार्यालयों में संलग्नीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कार्य स्कूलों में अध्यापन कराने का है। उनकी सेवाएं स्कूलों में ली जाए ना कि कार्यालयों में। अधिकारियों ने अवगत कराया कि किसी भी कार्यालय में शिक्षक संलग्न नहीं है। विभागीय पेंशन प्रकरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 27 लंबित प्रकरण में से 5 पुराने प्रकरण संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय में लंबित है। कलेक्टर मीणा ने पेंशन के लंबित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को जिले के समस्त लंबित पेंशन प्रकरण की विभागवार जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कोष एवं लेखा कार्यालय में लंबित पेंशन प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा समय-सीमा की बैठक में होगी। आवश्यक जानकारी के साथ कोष एवं लेखा कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी को समय-सीमा की बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित मानिटरिंग ऑनलाईन फोटो के माध्यम से की जा रही है। जिले के 583 शासकीय प्राथमिक, 337 अपर प्राथमिक, 50 हाई स्कूल, 85 हायर सेकेण्डरी स्कूल व 52 सजेस के प्रधानपाठक/प्राचार्य शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों की नियमित उपस्थिति की फोटो अपलोड कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विभागीय प्रक्रिया की प्रतिदिन की रिपोर्ट होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से 16 जून 2023 से अब तक की कम्पलायन रिपोर्ट उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता परखने मासिक टेस्ट के लिए प्रश्नावली हेतु शिक्षकों का पैनल तैयार करने तथा रिजल्ट ऑनलाईन एन्ट्री कराने कहा। उन्होंने कहा कि सजेस विद्यालयों की उपस्थिति की एन्ट्री पृथक से होनी चाहिए।

# देश के प्रसिद्ध गायको के साथ कीर्तन भवन में गरबा महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

## अक्स गरबा महोत्सव समिति ने शुरू की आयोजन की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जगत जननी मां दुर्गा की आराधना का महापर्व नवरात्रि में इस साल भी आकार कला संगम (एकेएस) के बैनर तले भव्य गरबा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की रूप रेखा तैयार करने के लिए शनिवार को शहर के श्रीहरिकीर्तन भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आयोजक समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सर्व सहमति से समिति का गठन किया गया जिसमें संयोजक के पद पर सुनील सिन्हा, विष्णु सोनी (मानू), शशांक भगत, सोनू पांडेय एंव अरविंद साय को शामिल किया गया, समिति के अध्यक्ष पद लिए सर्व सहमति से अभिषेक शर्मा को चयन किया गया, वही अक्स वैष्णवी में सिमा गुप्ता को अध्यक्ष पद पर सहमति बनी। समिति के संयोजक सुनिल सिन्हा ने बताया कि एकेएस लगातार 18 वें साल गरबा नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस आयोजन में देश के जाने माने गायक शामिल होकर, प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करेगें। संयोजक सिन्हा ने बताया कि पिछले साल,एकेएस के गरबा महोत्सव में 19 सौ 82 लोगों भाग लिया था। इस साल होने वाले महोत्सव में प्रतिभागियों में वृद्धि होने की संभावना है। इस अनुमान के आधार पर आवश्यक व्यवस्था करने पर,बैठक में पदाधिकारियों ने चर्चा की। समिति की महिला विंग वैष्णवी की अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने बताया कि गरबा नृत्य महोत्सव में साल दर साल बालिकाओं और महिला प्रतिभागियों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होनें बताया कि 5 अक्टूबर से प्रतिभागियों का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। नौ रात्रि के अंतिम चार दिन,गरबा नृत्य का आयोजन श्रीहरिकीर्तन प्रांगण के बाहर के खाली मैदान में किया जाएगा। संयोजक सुनिल सिन्हा ने बताया कि प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए इस साल,बीते साल से अच्छे पुरस्कार की व्यवस्था किया जाएगा। उल्लेखनिय है कि पिछले साल,राजकुमार ताम्रकार (मामा) के सहयोग से प्रथम पुरस्कार के रूप में ई स्कूटी प्रदान किया गया था। बैठक में संयोजक सुनिल सिन्हा,विष्णु सोनी (मानू सोनी),शशांक भगत,सोनू पांडे,अरविंद साय के साथ अक्स गरबा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा (गप्पू) और अतुल मुंदड़ा शामिल थे।

## निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा एक तारीख एक घंटा एक साथ सामूहिक श्रमदान किया गया

# विधायक ने सड़क पर लगाई झाड़ू, महापौर और आयुक्त ने उठाया कचरा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





स्वच्छता पखवाडा स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान अंतर्गत शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार आज नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा एक तारीख एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता है सेवा एक साथ श्रमदान गतिविधि का आयोजन निगम द्वारा किया गया। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर द्वारा ब्रांड एम्बेसडर,सहायता समूह,आंगनबाड़ी, अधिकारी/कर्मचारियो के अलावा विज्ञान विकास छात्रावास के तीन सौ छात्राओं और नागरिको ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एसडीएम मुकेश रावटे,प्रभारी हमीद खोखर, एमआईसी भोला महोविया,अल्ताफ अहमद
स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,ने सड़क पर झाड़ू लगाई। आम नागरिकों के साथ विज्ञान विकास केंद्र की छात्राओं ने भी मिलकर एक तारिक एक घंटा एक साथ श्रम दान कार्यक्रम में बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत नाना नानी दादा दादी पार्क एवं लोक कला मार्ग में श्रमदान करते हुए राजेंद्र पार्क चौक में श्रद्धेय मोतीलाल वोरा की प्रतिमा को स्वच्छ कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं मुख्य मार्ग पर विधायक,महापौर ने सभी के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर,महापौर धीरज बाकलीवाल ने कचरा को उठाकर डस्टबिन में डाला और सभी ने अभियान की सफलता जताई।इसके अलावा सभी पार्षदो ने अपने अपने वार्डो के प्रमुख मार्गो पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।तत्पश्चात अंत में राजेंद्र पार्क चौक से गांधी चौक तक स्वच्छता ही सेवा रैली निकाली गई और गांधी चौक में गांधी की प्रतिमा को स्वच्छ करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा स्वच्छता के नारे लगाते हुए स्वच्छता हेतु जागरूकता का संदेश दिया।विज्ञान विकास केंद्र की प्रशासनिक अधिकारी उर्मिला ओझा साथ ही केंद्र की सभी छात्राओं का सहयोग मिला, मुस्कान फाउंडेशन के द्वारा भी इस कार्यक्रम में योगदान दिया गया।स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान मनाने को लेकर एक अक्तूबर को सुबह दस बजे एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान हेतु स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष के दो अक्तूबर को स्वच्छता एक जन आंदोलन का रूप देने हेतु स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अवसर पर जावेद अली, सुरेखा, विकास यादव, रानी देशमुख, पीआईयू कुणाल, पीआईयू राहुल मोराने, एपीएम मनीष यादव, एपीएम कुलेश्वर चंद्राकर, सफाई दरोगा सुरेश भारती, राजू सिंह, परमेश्वर, फरदीन सिद्धिकी एवं आदि शामिल रहे।


# सर्दी-बुखार के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग को दे जानकारी

## महामारी का रूप न ले इसलिए बरते एहतियात



पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में डेंगू और स्वाइन फ्लू जैसे गंभीर बीमारी घर न करे इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सर्दी-खासी और बुखार के मरीज मिलने पर मितानीन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी जा रही है। साथ ही बुखार होने की शिकायत पर आस पास के घरों में अन्य मरीज तो नहीं इसकी पुष्टी भी की जा रही है। मौसमी और जानलेवा बीमारी के संभावित मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही जागरूकता अभियान चलाने जन स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने बैठक ली। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के कर्मचारी वार्डो में नजर रखे। सर्दी खासी बुखार के मरीज होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना दे।




# गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं हो रहा:राजवीर देओल

हाल ही एक साक्षात्कार में बालीवुड एक्टर सनी देओल के बेटे राजवीर देओल ने खुलकर अपने पापा के संघर्ष का जिक्र किया। जहां सनी गदर-2 से पहले बीते दो दशकों से एक हिट फिल्म की तलाश कर रहे थे। वहीं करण 2019 में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म से दर्शकों और क्रिटिक्स को इम्प्रेस करने में नाकाम रहे। इंटरव्यू में राजवीर ने कहा कि पूरा देओल परिवार गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं कर पा रहा था। फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 530 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है और तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। राजवीर ने कहा कि यह उनके पिता के लिए पुर्नजन्म जैसा है जो 80 और 90 के दशक में बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार थे।

राजवीर ने आगे बताया, 'बीते 22 साल से मैं उनको स्ट्रगल और काम करते हुए देख रहा हूं। वो किसी दिन छुट्टी पर नहीं होते थे। जब लोग मुझसे आकर कहते थे कि एक एक्टर की लाइफ बड़ी आसान होती है, वो तो बस घूमते रहते हैंज शायद इन लोगों ने दूसरे एक्टर्स को देखकर ऐसा फील किया होगा। मुझे तो यह सुनकर बहुत गुस्सा आता था क्योंकि मैंने अपने डैड को काम करते हुए देखा है। मैंने देखा है कि वो अपने काम के चलते परिवार को वक्त नहीं दे पाए। फाइनली उनके खाते में गदर-2 जैसी हिट फिल्म आई और वो इसे डिजर्व भी करते हैं। मुझे नहीं पता कि इस फीलिंग को कैसे बयां करना है पर मैं अभी तक इस पर यकीन नहीं कर पा रहा।'

वहीं अपने दादा धर्मेंद्र के बारे में बात करते हुए राजवीर ने कहा, 'मैंने उनसे एक ही चीज सीखी है और वो है कि कभी गिव अप नहीं करना चाहिए, क्योंकि आप नहीं जानते कि कब आपका वक्त आ जाए।'फिल्म दोनों का निर्देशन सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या ने किया है। यह उनकी भी डेब्यू फिल्म है। यह फिल्म अगले महीने 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई फिल्म 'द वैक्सीन वॉर'





नाना पाटेकर स्टारर 'द वैक्सीन वॉर' शुक्रवार 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है। 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर' ने सबका ध्यान खींचा था लेकिन फिल्म ने पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 80 लाख के करीब की कमाई की और दूसरे दिन भी इसकी कमाई में ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला। ये भी साफ है कि कुल मिला कर इस फिल्म के लिए देशभर के सिनेमाघरों में सिर्फ 11.77 फीसदी बुकिंग हुई है। अगर विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' से तुलना करें तो यह आंकड़ा बेहद निराशाजनक है। कहा जा रहा है कि दोनों दिनों के आंकड़ों को मिलाकर 'द वैक्सीन वॉर' ने अब तक सिर्फ 1.70 करोड़ की कमाई की है। कमाई की पुष्टि अभी निर्माता या निर्देशक द्वारा नहीं की गई है। विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर' में नाना पाटेकर, पल्लवी जोशी, गिरिजा ओक, राइमा सेन मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के साथ पुलकित सम्राट, ऋचा और पंकज त्रिपाठी की 'फुकरे 3' और कंगना की पहली साउथ भाषा की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' भी रिलीज हुई है।



# गोल्डन साड़ी पहन श्रिया सरन दिखीं बेहद खूबसूरत, स्टाइलिश ब्लाउज पर अटकी फैंस की निगाहें

साउथ फिल्म और बॉलीवुड फिल्म की एक्ट्रेस श्रिया सरन आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट कर उन्हें अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर बवाल मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही लाइमलाइट में आ गई हैं। इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दृश्यम में अजय देवगन की ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल मचल देती हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान भी एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर टिकी रह गई हैं। श्रिया ने इस फोटोशूट के लिए गोल्ड कलर की साड़ी पहनी हुई है, साथ ही स्टाइलिश ब्लाउज से टिम अप किया हुआ है। एक्ट्रेस के डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है। माथे पर बिंदी, कानों में झुमके, कजरारी निगाहें, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को खूबसूरती से निखारा है। श्रिया सरन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है।




# जवान नया इतिहास रचने की तैयारी में

बालीवुड फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रचने की तैयारी में है। जवान पहले ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। जवान अब जल्द ही यह 600 करोड़ क्लब में भी एंट्री कर नया रिकॉर्ड बनाने वाली है। बॉलीवुड की किसी भी हिंदी फिल्म ने अभी तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ का स्वाद नहीं चखा है। लेकिन रिलीज के 20वें दिन भी जिस तरह एटली की जवान दमदार कमाई की है, यह अपने चौथे वीकेंड में इस मुकाम को हासिल कर लेगी। शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण और वियज सेतुपति स्टारर जवान अपने तीसरे हफ्ते में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 20वें दिन मंगलवार को इस फिल?म ने 5.10 करोड़ रुपये का नेट कलेव?शन किया है। जबकि एक दिन पहले सोमवार को फिल?म ने 5.40 करोड़ रुपये कमाए थे।

दिलचस्प है कि जवान ने हिंदी, तमिल, और तेलुगू मिलाकर 20 दिनों में 571.28 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इससे पहले जनवरी में रिलीज पठान ने लाइफटाइम 543.09 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था। हालांकि, हिंदी में जवान अभी भी पठान से पीछे है। पठान ने 524.53 करोड़ रुपये सिर्फ हिंदी वर्जन से कमाए थे। जबकि जवान 20 दिनों बाद 515 करोड़ रुपये तक पहुंची है1


वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो जवान पहले ही 1000 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। यह 6ठी ऐसी भारतीय फिल्म है, जिसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ व?लब का आंकड़ा पार किया है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 20 दिनों में जवान ने वर्ल्डवाइड 1025 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। बता दें कि । साल 2023 शाहरुख खान के लिए जबरदस्त रहा है। उनकी दोनों ही फिल?में जहां ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो चुकी हैं, वहीं क्रिसमस में वह राजकुमार हिरानी के साथ डंकी लेकर आ रहे हैं।

# मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं: बिग बी

मशहूर अभिनेता स्वर्गीय दिलीप कुमार की प्रशंसा करते हुए, मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं। उन्होंने पुरानी यादों को साझा किया कि कैसे उन्हें तीन स्क्रीन नामों की पेशकश की गई थी। मोहम्मद यूसुफ खान के रूप में जन्मे दिलीप कुमार को सिनेमा में मेथड एक्टिंग की शुरुआत करने का श्रेय दिया गया। पांच दशकों से अधिक के करियर के साथ, उनके पास हिंदी सिनेमा में एक स्टार के रूप में सबसे प्रभावशाली बॉक्स-ऑफिस रिकॉर्ड है। क्विज बेस्ड रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के एपिसोड 32 में, होस्ट अमिताभ बच्चन ने हरियाणा के हिसार की गृहिणी पिंकी का हॉट सीट पर स्वागत किया। 12,50,000 रुपये की राशि के लिए 12वां प्रश्न उनसे पूछा गया, अपना नाम दिलीप कुमार रखने से पहले इनमें से कौन सा नाम, युसूफ खान को उनके स्क्रीन नाम के रूप में सुझाए गए विकल्पों में से एक था? दिए गए विकल्प थे - अकबर, शाहजहां, बाबर और जहांगीर।

बिग बी ने कहा, मैं दिलीप कुमार का सबसे बड़ा फैन हूं। लेकिन इस बारे में मुझे भी नहीं पता। इस सवाल पर कंटेस्टेंट ने गेम को छोड़ने का फैसला किया, क्योंकि वह जवाब को लेकर निश्चित नहीं थी। सही उत्तर जहांगीर था। अमिताभ ने कहा, जैसा कि हमने अभी बताया, दिलीप कुमार का असली नाम यूसुफ खान है। जब उन्हें एक फिल्म के लिए लिया गया, तो उन्हें अपने लिए एक स्क्रीन नाम चुनने की सलाह दी गई थी। बिग बी ने कहा, मशहूर एक्ट्रेस देविका रानी और प्रसिद्ध लेखक व कवि भगवती चरण वर्मा ने उन्हें तीन नाम सुझाए जो थे वासुदेव, दिलीप कुमार और जहांगीर। उन्होंने जहांगीर नाम नहीं चुना, लेकिन सालों बाद उन्होंने फिल्म मुगल-ए-आजम में जहांगीर की भूमिका निभाई।

अभिनेता ने आगे कहा, मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं और मुझे हमेशा लगता था कि जब भी कोई भारत का फिल्म इतिहास लिखेगा, तो वह दिलीप कुमार से पहले और दिलीप कुमार के बाद होगा। वह एक अविश्वसनीय इंसान और कलाकार थे। तब प्रतियोगी ने कहा- इसके अलावा, एक और बात का उल्लेख किया जाएगा, सर। इसे अमिताभ बच्चन के पहले और अमिताभ बच्चन के बाद के नाम से भी जाना जाएगा। इस पर बिग बी ने कहा, मैं उनकी तुलना में कुछ भी नहीं हूं। वह एक असाधारण कलाकार और इंसान थे। मैं क्या बोलता? उनकी तारीफ करने के लिए मुझे पूरा शो करना होगा।





# तुमसे ना हो पाएगा की स्क्रीनिंग पर शामिल हुईं अनन्या

बालीवुड एक्टर चंकी पांडे की बिटिया और एक्ट्रेस अनन्या पांडे बीती रात फिल्म तुमसे ना हो पाएगा की स्क्रीनिंग पर शामिल हुईं। कार्यक्रम में अनन्या के रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर भी अपने फैमिली के साथ पहुंचे। अनन्या ने आदित्य की भाभी विद्या बालन से मुलाकात की और उनके साथ पोज देती हुई नजर आईं।

फिल्म की स्क्रीनिंग में अनन्या कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने यलो टॉप के साथ ब्लू डेनिम जीन्स कैरी की है, जो काफी एलिगेंट लग रहा है। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए। इसके बाद अनन्या ने विद्या को गले लगाया फिर दोनों एक्ट्रेस साथ में पैपराजी को पोज देती हुई नजर आईं। विद्या के लुक को बात करे तो उन्होंने प्रिंटेड ड्रेस पहनी थी। दोनों का बॉन्ड देख फैंस काफी खुश हुए।पिछले कुछ समय से अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के डेटिंग की अफवाह सुर्खियों में है। दोनों को कई बार एक साथ देखा जा चुका है। अभी कुछ दिन पहले ही दोनों गोवा साथ में छुट्टियां मनाने गए थे। हालांकि, अनन्या और आदित्य ने अभी तक इस पर अपना कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में अनन्या पांडे ने कहा था- लोग जानना चाहते हैं कि मैं किसे डेट कर रही हूं, उनकी ये उत्सुकता देखकर अच्छा लगता है। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करे तो उन्हें पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। हाल ही में अनन्या आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में दिखी थीं। अब वह जल्द ही निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी की अपकमिंग थ्रिलर फिल्म कंट्रोल में नजर आएगीं। इस फिल्म में उनके अलावा विहान समत और देविका वत्स भी हैं।



# सुखमनी सदाना ने कश्मीर में तनाव सीजन 2 की शूटिंग शुरू की

मनमर्जियां, सेक्रेड गेम्स और तांडव के लिए मशहूर अभिनेत्री सुखमनी सदाना स्ट्रीमिंग सीरीज तनाव के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू करने के लिए कश्मीर पहुंच गई हैं।वह शो के दूसरे सीजन में नुसरत फारूकी की अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी, जो प्रशंसित इजराइली शो फौदा का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है।नुसरत गहन जटिलता का एक चरित्र है, जो उदास और ग्रे रंगों में डूबा हुआ है, जो शो के परिदृश्य में साजिश की परतें जोड़ता है। पहले सीजन में अभिनेत्री को नुसरत फारूकी के किरदार को उसकी गहराई और प्रामाणिकता के लिए प्रशंसा मिली थी।शो में साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर और सत्यदीप मिश्रा भी हैं।तनाव सीजन 2 और भी अधिक गहन और मनोरम कहानी पेश करने का वादा करता है।



# राम मंदिर की भूमि वापस नहीं किया गया तो बेमेतरा से लेकर प्रदेश स्तर पर होगा आंदोलन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर के राम मंदिर की भूमि जब तक वापस नहीं किया जाएगा तब तक बेमेतरा से लेकर प्रदेश तक व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा पर जमीन अदला बदली करने का संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद दीपक दुबे, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ भीम साहू, जिला महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद रायपुर असीम आचार्य एवं जिला प्रमुख सनातन हिंदू धर्म समाज बेमेतरा आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि तत्कालीन कलेक्टर रहे अनंत तायल ने न्यास की भूमि को अदला-बदली करने का नियम नहीं होने पर जिस प्रकरण को नस्तीबद करने के आदेश दिए थे, उसके बाद भी 2 माह पहले की तारीख में श्री रामचंद्र मूर्ति मंदिर न्यास की भूमि को अदला-बदली कर देने का आरोप लगाते हुए जमीन वापस दिलाने की मांग की है। तत्कालीन एसडीएम ने कलेक्टर आदेश के पूर्व न्यास की जमीन को अदला-बदली कर दिए जाने का खुलासा करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्री राम मंदिर की भूमि को बेमेतरा विधायक ने करीबी रिश्तेदार के नाम करवाया बेमेतरा में श्री रामचंद्र मंदिर ट्रस्ट की भूमि लगभग 5 एकड़ जिसे अधिकारियों पर दबाव बनाकर बेमेतरा कांग्रेसी विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने करीबी रिश्तेदार सुमित कौर पति बलमीत सिंह सलूजा के नाम कर ली एवं इसके अलावा ट्रस्ट की बची हुई भूमि में से करीब चार एकड़ भूमि पर पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है ,ताकि ट्रस्ट की भूमि की उपयोगिता पूर्णता खत्म की जा सके ।इसमें कहीं-कहीं हिंदू धर्म के विरुद्ध षड्यंत्र का एहसास होता है। मंदिर की भूमि को विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा अपने रिश्तेदार करने के पूरे प्रदेश में सनातन हिंदू समाज में खासी नाराजगी है।

### कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध जाकर की रजिस्ट्री

इन लोगों ने आगे बताया कि 4 नवंबर 2020 को कलेक्टर ने लिखित आदेश में कहा है कि श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति की भूमि लोक न्यास की भूमि है लोक न्याय न्याय अधिनियम 1963 के प्रावधानों के अनुसार न्यास भूमि का अंतरण संभव नहीं है।सी जी एल आर सी में अदला बदली का कोई प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध जाकर तत्कालीन एसडीएम दुर्गेश वर्मा ने भूमि अंतरण करने का आदेश 26 सितंबर 2020 को कूट रचना करके दे दिया।

### कोरोना कल में चली फाइलें

जब पूरा देश कोरोना महामारी से पीड़ित था और और लोग कोरोना के डर से अपने घरों में दुबके हुए थे तब यहां पर इस मामले पर पर्दे के पीछे कार्रवाई गुपचुप रूप से चल रही थी सभी शासकीय कार्यालय बंद करने का आदेश था तब भी राजस्व विभाग ऐसे मामले अंतिम रूप देने में के लिए खुला था 3 सितंबर 2021 को एसडीएम दुर्गेश वर्मा ने कोरोना कल के दौरान श्री राम मंदिर की अंतरण करने का आदेश दे दिया

### कार्यालय से फाइले गायब

तत्कालीन एसडीएम दुर्गेश वर्मा तत्कालीन तहसीलदार आशुतोष गुप्ता अपने आप को बचाने के लिए कार्यालय से फाइलें गायब करवा चुके हैं। जिससे प्रतीत होता है कि किस तरह से राम मंदिर बेमेतरा भूमि का अधिकारियों के साथ मिलकर विधायक बेमेतरा ने बंदर बाट किया।

### व्यापक रूप से किया जाएगा आंदोलन

कार्रवाई न होने पर न्यायालय जाने की भी तैयारी सनातन हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि श्री रामचंद्र मूर्ति मंदिर ट्रस्ट की भूमि यथा स्थान वापस देने है और भूमि का अवैध अंतरण करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग ज्ञापन सौंपकर किया गया है यह आज तो प्रतीकात्मक आंदोलन हुआ है यदि इस पर इस पर कार्यवाही नहीं किया जाता तो बेमेतरा शहर से लेकर प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से इस मामले को लेकर आंदोलन किया जाएगा साथ ही सनातन हिंदू समाज उच्च न्यायालय की शरण लगा।

### निजी भूमि पर सड़क, किसान हो रहे परेशान

कृषि भूमि को व्यावसायिक दृष्टि से व्यावसायिक लाभ हेतु पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बना दी गई इसके बाद किसानों को आसपास की भूमि वि य करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। विधायक ने अपने करीबी रिश्तेदार लाभ देने के लिए श्री रामचंद्र मूर्ति मंदिर ट्रस्ट की भूमि अंतरण कर व्यावसायिक लाभ हेतु जो सड़क बनाई गई उसे पीडब्ल्यूडी को बनाने का अधिकार नहीं है। क्योंकि पी डब्लू डी निजी भूमि पर सड़क निर्माण सामान्य अवस्था में नहीं कर सकता।

### श्री राम मंदिर की भूमि सामने अंतरण में दे दी पीछे की भूमि

पत्रकार वार्ता में आरोप लगाते हुए श्री राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि मुख्य मार्ग से लगी थी लेकिन कांग्रेसी विधायक के दबाव के चलते अधिकारियों ने तबादला रजिस्ट्री कर श्री राम मंदिर ट्रस्ट को मुख्य मार्ग से बहुत दूर भूमि थी जिसे श्री राम मंदिर ट्रस्ट को करोड़ों का नुकसान हुआ। पत्रकार वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी ने विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा भाजपा के ऊपर लगाए गए आरोप बीजेपी का षड्यंत्र है पर जोशी ने कहा कि चोरी करना और सीना जोरी करना जीवित दस्तावेज इस बात के प्रमाण है, विधायक स्वयं जांच की मांग क्यों नहीं किए इससे उनकी संलिप्तता प्रदर्शित हो रही है। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि जब उनके करीबी को जमीन हस्तांतरण का मामला नहीं है तो बेमेतरा विधायक आशीष छावड़ा को सफाई देने की क्या आवश्यकता है, वे स्वयं इस मामले पर जांच की मांग करते। पत्रकार वार्ता में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राकेश मोहन शर्मा, विकास तंबोली, विजय सुखवानी, भाजपा पार्षद नीतू कोठारी, पार्षद नीलू राजपूत परस वैष्णो, प्रवीण सिंह, विजय ठाकुर, अन्य लोग उपस्थित थे।

# ज़िले की सभी नगरीय निकायों में चला सामूहिक स्वच्छता अभियान

## विधायकआशीष छाबड़ा ने मितानिन समाज सेवी संगठनों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कलेक्टर पी.एस.एल्मा के मार्गदर्शन में ज़िले के सभी नगरीय निकायो के समस्त वार्डो में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 1 अक्टूबर आयोजित किए जाने वाले एक तारीख एक घंटा - साफ/सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसमें अधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने गली, मोहल्ले व सार्वजनिक स्थानों में सामूहिक रूप से साफ़-सफ़ाई कर अपना श्रमदान किया। लोग शहरी स्वच्छता के लिए स्वामित्व लेने में उत्साहित नज़र आये। लोगों को स्वच्छता प्रति जागरूक करने रैली निकाली। ज़िला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शकुन्तला मंगत साहूए पार्षदगण सहित सफ़ाई. कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायका मितामिन और समाजसेवी संगठन गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में विधायक आशीष छाबड़ा ने भी स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता दीदियों, मितानिन और समाज सेवी संगठनएसमाज सेवी संस्थाओं को सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता का संदेश दिया। उनका संदेश हम सबको स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सफ़ाई दीदियों और मितानीन के कार्यों की भूरी.भूरी प्रशंसा की। नगर के समाज सेवी संगठनों की सफ़ाई और नगर को हरा.भरा करने के काम कि तारीफ़की। विधायक ने कहा कि सफ़ाई स्वच्छता हमारे जीवन और वातावरण को खुशनुमा बना देता है। स्वच्छता दीदियों ने नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिएए घर.घर से कचरा इकट्ठा करने वाली दीदियां ष्एक.एक घर को 1 अक्तूबर को एक घंटा नगर की सफ़ाई हेतु हेतु आमंत्रण दिया था। नागरिकों से अपने स्वच्छता उपकरण जैसे झाड़ू, बाल्टी, फावड़ा आदि लाने की अपील भी की थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया था। कार्यक्रम का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री भूपेन्द उपाध्याय ने किया।

# राममंदिर के जमीन मे भाजपा पार्षद द्वारा भारी आर्थिक अनियमितता

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राम मंदिर के जमीन में भाजपा पार्षद द्वारा भारी आर्थिक अनियमितता कर किए जाने का आरोप नगर बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने लगाया है इस संबंध में जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू तथा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने बताया है कि सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राम मंदिर ट्रस्ट बेमेतरा द्वारा वर्ष 2014-15 के कृषि कार्य हेतु नीलामी में दी गई जमीन पर अनियमितता की गई है यहां पर वर्ष 2014 के कृषि कार्य हेतु ग्राम सिंघोरी पटवारी हल्का नंबर 28 के अंतर्गत तीन अन्य जमीन की नीलामी की गई जिसमें रकबा 5.40 धनहा जिसकी सरकारी बोली 9500 निर्धारित थी को 15700 में 1 वर्ष के लिए वर्तमान मे वार्ड 16 से पार्षद प्रवीण नीलू राजपूत को प्रदान किया गया इसी तरह राम मंदिर ट्रस्ट का एक अन्य 5 एकड़ भर्री जमीन जिसकी सरकारी बोली 47000 थी को इस व्यक्ति को 75500 में दिया गया तथा रकबा 1.81 एकड़ भररी जमीन जिसकी सरकारी बोली 9000 थी उसे एकमात्र बोलीदार प्रवीण नीलू राजपूत को 9100 में 1 वर्ष के लिए प्रदान किया गया। कुल मिलाकर कुल 5.40 एकड़ धनहा तथा 6.81 एकड़ भररी जमीन को कुल 1 लाख 300 रुपए में 1 वर्ष के लिए उक्त व्यक्ति को प्रदान किया गया। उक्त जमीन पर इनके द्वारा कृषि कार्य कर अनाज का उत्पादन किया गया लेकिन नीलामी की राशि लगभग 98300 का भुगतान पर्यंत इनके द्वारा नहीं किया गया है इस तरह से उक्त पार्षद ने राम मंदिर ट्रस्ट को प्राप्त होने वाले राशि को जमा ना कर मंदिर समिति को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है । यह ऐसे लोग हैं जो दूसरों पर तथ्यहीन झूठा आरोप लगाते हैं भगवान राम के नाम से राजनीति करते हैं पर स्वयं भगवान राम के नाम की जमीन का पैसा हड़पने से बाज नहीं आते। भगवान राम मंदिर ट्रस्ट की जमीन का उपयोग कर धन अर्जन करने के पश्चात निर्धारित राशि का भुगतान को ना कर क्या यह भगवान राम तथा सनातन धर्मियों के आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर रहे हैं? जो भाजपा के लोग इनके द्वारा लगाए गए आधारहीन आरोप मे साथ खड़े दिख रहे थे क्या अब वे जिम्मेदार लोग ऐसे लोग को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की हिम्मत कर पाएंगे? जिस समय की यह घटना है उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी आखिर इनको किसका संरक्षण संरक्षण प्राप्त था ? जल्द ही कांग्रेस पार्टी जिला प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही की मांग करेगी।

# सड़क हादसे में घायल बच्चे को डिस्चार्ज नही करने को लेकर भारी हंगामा, अस्पताल पर कार्रवाई को लेकर सैकड़ो युवकों का प्रदर्शन

## डिस्चार्ज करने की एवज में अस्पताल प्रबंधन ने मांगे 10 हजार रुपए, इसोसे नाराज युवकों ने किया जमकर प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शहर के मोहभट्ठा का मार्ग स्थित चेतना नर्सिंग होम में सड़क हादसे में घायल बच्चे के प्राथमिक उपचार के एवज में अनाप-शनाप पैसा मांगने को लेकर 100 से अधिक युवकों ने भारी हंगामा किया । अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई को लेकर युवा नेता प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में लोग करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे । इस दौरान हंगामा बढ़ता देख सिटी कोतवाली से पुलिस को बुलाया गया। घटना की जानकारी बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह को दी गई । एसडीएम ने तहसीलदार परमानन्द बंजारे को अस्पताल भेजा, लेकिन प्रदर्शन कर रहे युवक कार्रवाई के बिना प्रदर्शन खत्म करने को तैयार नहीं हो रहे थे । इसके बाद बेमेतरा एसडीएम अस्पताल पहुंची और उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया । तब कहीं जाकर आक्रोशित युवक शांत हुए ।

### बच्चे के इलाज के लिए परिजन पहुंचे थे अस्पताल

जानकारी के अनुसार ग्राम पिपराभट्ठा निवासी नकुल साहू का 13 वर्षीय बेटा परमेश्वर को गांव के युवक बे मोटरसाइकिल से ठोकर से घायल कर दिया । जिसे परिजन इलाज के लिए चेतना हॉस्पिटल लेकर पहुंचे ।बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर डॉक्टर ने इलाज में करीब 50 हजार खर्च आने की बात कही । परिजन इतनी बड़ी रकम देने को लेकर असमर्थता जाहिर कर दी और बच्चे को डिस्चार्ज करने की बात अस्पताल प्रबंधन से कहीं ।

### पैसा लेने के बाद ही डिस्चार्ज करने पर अड़े

अस्पताल प्रबंधन की ओर से बच्चे को डिस्चार्ज करने की एवज में 10 हजार रुपए की मांग की गई । यहां परिजनों की ओर से 10 हजार रुपए का बिल मांगने पर अस्पताल प्रबंधन ने देने से साफइनकार कर दिया । इसके बाद गांव से आए लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के रवैया से युवा नेता प्रांजल तिवारी को अवगत कराया । प्रांजल तिवारी ने फोन पर अस्पताल के डॉक्टर से बच्चे को डिस्चार्ज करने का आग्रह किया लेकिन डॉक्टर ने 10 हजार रुपए लेने के बाद ही बच्चे को डिस्चार्ज करने की बात कही । इससे नाराज युवा नेता अपने समर्थकों के साथ चेतना नर्सिंग होम पहुंचा और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगा । इस दौरान डॉक्टर व प्रदर्शनकारियो के बीच तीखी बहस देखने को मिली । मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा बीच-बचाव करने पर दोनों पक्ष शांत हुए ।

### बेमेतरा एसडीएम के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी हुए शांत

प्रदर्शनकारी बच्चे को डिस्चार्ज करने की मांग कर रहे थे, जबकि डॉक्टर पैसा लिए बिना बच्चे को डिस्चार्ज नहीं करने की बात कही। इसी बात को हंगामा बढ़ने लगा । हंगामे की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे । घटना की जानकारी बेमेतरा एसडीएम को मिलने पर तहसीलदार को अस्पताल भेजा । उनके मान मनौव्वल के बाद बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए । बेमेतरा एसडीएम के अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर प्रदर्शनकारी शांत हुए ।

### बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की नहीं दी जा रही जानकारी

प्रतीक दुबे, अतुल साहू ने बताया कि बिना लाइसेंस अस्पताल प्रबंधन की ओर से सोनोग्राफी मशीन का संचालन किया जा रहा था । शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अस्पताल प्रबंधन को नोटिस थमाया था । अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने के बावजूद सड़क हादसे में घायल बच्चे को इलाज के लिए भर्ती किया गया । इस संबंध में पूछने पर अस्पताल के डायरेक्टर ने बाहर से डॉक्टर बुलाने की बात कही, जबकि अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्वास्थ्य विभाग को बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की विधिवत कोई सूचना नहीं दी गई है । इस तरह नियमों को तक पर रखकर मरीजो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ।

### 99 फीसदी प्रकरणों में किया जा रहा सिजेरियन प्रसव

युवा नेता प्रांजल तिवारी के अनुसार चेतना नर्सिंग होम में मरीजों के साथ खुली लूट हो रही है। आने वाले प्रसव के 99 प्रतिशत प्रकरणों में सर्जरी की जा रही है। सर्जरी योग्य प्रकरण नहीं होने के बावजूद जानबूझकर मरीजों को डराया जाता है और सर्जरी कर प्रसव कराया जा रहे हैं । सर्जरी के एवज में महिलाओं के परिजन से 50 से 60 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में गरीब परिवार अपनी अचल संपत्ति बेचकर अस्पताल में भुगतान कर रहे हैं। इस संबंध में लगातार शिकायत मिल रही है । इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को होने के बावजूद अब तक कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की सूचना अस्पताल प्रबंधन की ओर से नहीं दी गई है । जिला मुख्यालय समेत जिले में संचालित सभी प्राइवेट अस्पतालों को बाहर से बुलाए जाने वाले डॉक्टरों की सूची विभाग में जमा करने नोटिस जारी किया जाएगा । प्रकरण के संबंध में शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

**जीएल टण्डन :- सीएमएचओ बेमेतरा**

मरीज के परिजनों को इलाज का सारा खर्च बताया गया था । उनकी रजामंदी के बाद ही बच्चे का इलाज शुरू किया गया । इसके बाद कुछ अज्ञात युवक अस्पताल पहुंचकर बच्चे को डिस्चार्ज करने को लेकर हंगामा करने लगे । उस समय तक बच्चे के इलाज में आए खर्च 10 हजार रुपए मांगे गए । जिसे देने से इनकार करते हुए बच्चे को डिस्चार्ज करने कहा गया ।इसी बात को लेकर कुछ युवक हंगामा कर रहे थे ।

**डॉ. मनु मिश्रा :- डायरेक्टर चेतना नर्सिंग होम**

# एसडीएम कार्यालय राजहरा में हुई मजदूर संघ की त्रिपक्षीय बैठक



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा खदान समूह के सांसद प्रतिनिधि और भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि 29 सितंबर को एस डी एम राजहरा सुरेश कुमार साहू की अध्यक्षता में एक त्रिपक्षीय बैठक एस डी एम कार्यालय राजहरा में हुई। जिसमें सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद और डीएवी स्कूल के पालकों ने शिकायत और मांग किया था कि डीएवी स्कूल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन द्वारा बच्चों से दबाव पूर्वक फीस जमा करने के लिए आवेदन लिखवाया गया और बच्चों को फीस जमा न करने पर परीक्षा से वंचित करने और प्रवेश पत्र नहीं देने तथा गैर बीएसपी बच्चों से फीस नहीं लेने के लिए लिखित पत्र दिया गया था इस संदर्भ में आयोजित बैठक में बीएसपी प्रबंधन की ओर से कार्मिक विभाग से जयसिंग बघेल, जोत कुमार और रतीश मिश्रा, डीएवी स्कूल से स्कूल की प्राचार्य अलका शर्मा और शिकायत कर्ता सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद, भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एम पी सिंग, जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ रामेश्वर साहू उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम एस डी एम सुरेश कुमार साहू ने बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन को सांसद प्रतिनिधि और पालको द्वारा की गई शिकायत पर अपना पक्ष रखने को कहा, जिस पर बीएसपी और स्कूल प्रबंधन ने बताया कि 04 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनसे ज़वाब लेने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी, जिसके जवाब में सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने कहा कि सभी शिक्षक जिनको कारण बताओ नोटिस दिया गया है उसकी प्रतिलिपि हमें भी उपलब्ध कराई जाए और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी इसको लिखित में दिया जाए और 04 शिक्षकों से माफी नामा लिया जाए। उसके बाद सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने डीएवी स्कूल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन द्वारा बच्चों से लिये जा रहे फ ीस की स्पष्ट जानकारी पालको नहीं देने की बात कही और कहा डीएवी स्कूल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन सरकार और सीबीएससी के मापदंडों का पालन नहीं कर रही है। शासन का निर्देश सभी अशासकीय स्कूलों के लिए बड़ा स्पष्ट है कि ट्यूशन फीस 10 महीने का ही लेना है जबकि डीएवी स्कूल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन द्वारा डीएवी स्कूल के बच्चों से 12 माह का फीस लिया जा रहा है जो सरकार और सीबीएससी के नियमों का खुला उल्लंघन है।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ ताम्रकार सम्मानित



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर में इंटरनेशनल एसेंबली ऑफ कम्युनिटी ऑफथाल्मोलॉजिस्ट एण्ड 13 वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी ऑफथाल्मोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एक्राइन कॉन्फ्रेंस) बीते दिनों 22,23 एवं 24 सितबंर को सम्पन्न हुआ द्य इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में कश्मीर और मणिपुर सहित भारत के विभिन्न राज्यों के साथ श्रीलंका, नेपाल, बांगलादेश, भूटान, मॉरीशस, जर्मनी, ओमान आदि देश के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कॉन्फ्रेंस में नेत्र रोग के नए आयाम और उपचार के बारे में चर्चा हुई। इस एक्राइन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय प्रेसिडेंट बिलासपुर के डॉ सी एल मढरिया थे। कॉन्फ्रेंस के जनरल सेक्रेटरी रायगढ़ के डॉ स्वपन सामंता थे । इस कॉन्फ्रेंस में बेमेतरा के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विनय ताम्रकार को उनके कम्युनिटी ऑफथैल्मोलॉजी क्षेत्र में किए गए कार्य के लिए मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया।

# तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा ने किया सामाजिक कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा का सामाजिक कार्यशाला का आयोजन स्थानीय साहू सदन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां करमा की आरती के साथ किया गया द्य मुख्य अतिथि सोमन साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद ने की। अध्यक्षता युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजहरा, विशेष अतिथि जितेंद्र साहू उपाध्यक्ष, अजय साहू अधिवक्ता, सोमेश साहू तहसील अध्यक्ष डौंडी थे। जितेंद्र साहू ने सामाजिक रीति रिवाज बाल विवाह फलदान, वैवाहिक लेनदेन, लग्न पद्धति बारात के नियम, पाणिग्रहण, गौना, पठोंनी, मझली विवाह, आदर्श विवाह, सामूहिक आदर्श विवाह, वैवाहिक भोज, विधुर विधवा विवाह, समधिन भेंट, छठवा प्रथा के विषय में जानकारी दिया। अजय साहू अधिवक्ता ने सामाजिक निराकरण , चर्चा विशेष ,अपील, समाज से बहिष्कार सामाजिक व्यवस्था की जानकारी सहयोग राशि निर्धारण सामूहिक न्याय विवाहित पत्नी का वापस करना, संबंध विच्छेद एक पत्नी के रहते दूसरी पत्नी बनाना, चूड़ी फोड़ना के विषय में जानकारी दिया। सोमनाथ साहू ने मृत्यु संस्कार अहिंसा शिक्षा शाखा भेद अंतर्जातीय विवाह में रोक, समाज वृद्धि कार्य करने वाले की सामाजिक बहिष्कार के विषय में जानकारी दिया। तहसील साहू संघ राजहरा के अध्यक्ष यूवराज साहू ने कहा की समस्त परिक्षेत्र की बैठक दिन में किया जाए द्य जिससे महिलाओं की उपस्थिति हो सकती है। मृतक को कफ़न उनके नजदीक के परिवार वाले ही दिया जाए। विधवाओं को सामाजिक कार्य एवं धार्मिक कार्य में सम्मान के साथ सम्मिलित किया जाए द्य सगाई का पंजीयन करना अनिवार्य है। मृत्यु भोज पूर्ण रूप से सादा भोजन कराया जाए। विवाह में पाणिग्रहण गोधूलि बेला में ही संपन्न कराया जाए। सगाई एवं बारात में कम से कम सदस्य होना है। विवाह में कपड़ा लेनदेन समाप्त किया जाए। परिक्षेत्रीय बैठक में तहसील साहू संघ के एक प्रतिनिधि को अवश्य बुलाया जाए। सामाजिक प्रकरण में संबंधित व्यक्ति ही के द्वारा आवेदन दिया जाए। युवा वर्ग न्याय व्यवस्था में सहयोग करें द्य पति-पत्नी के तलाक होने की स्थिति में दूसरी विवाहिता का तलाक प्रमाण पत्र आवश्यक है। तहसील साहू संघ अपनी टीम का विस्तार करते हुए युवराज साहू ने रूपलाल साहू को सलाहकार, गोविंद राम साहू को जिला प्रतिनिधि, राजकुमार साहू को संगठन सचिव, द्वारिका साहू रामेश्वर साहू को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। मंच संचालन तहसील साहू संघ राजहरा की उपाध्यक्ष रेखू राम साहू ने किया। कार्यशाला में मोहनलाल साहू, लैलन कुमार साहू, राधेश्याम साहू ,संगीता साहू, घनाराम साहू ,अंजू साहू ,द्रौपदी साहू, दामिनी साहू, किशन साहू, कुंती साहू, रेवती साहू ,दीपक साहू ,छन्नू साहू, सहित समाज के लोग उपस्थित थे

# प्रेस क्लब कवर्धा ने श्रमजीवी पत्रकार संघ दुर्ग संभाग अध्यक्ष डॉ.एम.डी. मिर्जा का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिला प्रेस क्लब कवर्धा में श्रमजीवी पत्रकार संघ के दुर्ग संभाग अध्यक्ष बनायें डॉ.मिर्जा का सम्मान समारोह रखा गया जिसमें श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा विशेष रूप से उपस्थित थे जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश वर्मा ने कहा कि डॉ.मिर्जा को दुर्ग संभाग के अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन को और मजबूती मिलेगी और पत्रकार के हित के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा ने कहा श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ एक परिवार की तरह है जो सबको साथ लेकर चलतें हैं !पत्रकार कड़ी मेहनत कर समाचार बनाते हैं डॉ. मिर्जा को सभी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया डॉ.मिर्जा के दुर्ग संभाग अध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों में खुशी की लहर है डॉ. मिर्जा अपने उदबोधन में कहा श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ एक परिवार की तरह है हमारे सभी सदस्य पदाधिकारी हम सब एक है हमेशा संघटन के हित के लिए कार्य करूंगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रमजीवी पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश वर्मा वरिष्ठ पत्रकार धनेश्वर नाथ योगी पत्रकार यशवंत ठाकुर अभिताब नामदेव जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला कबीरधाम विजय धृतलहरे जिला महासचिव श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला कबीरधाम आदिल खान जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ब्लॉक श्याम टंडन अध्यक्ष सूर्या गुप्ता शहर अध्यक्ष बसंत नामदेव रूपेश चंद्रवंशी रसीद कुरेशी जल्लू साहू वाजिद खान ऋषि कुंभकार पदम जयसवाल दिलीप गुप्ता अमरजीत गुंबर सतेंद्र रामावतार साहू रविन्द्र तिवारी प्रशांत अवस्थी गजेंद्र कश्यप मेघा यादव पदम राज ठाकुर उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन पर खनिज माफिया भारी, कार्रवाई करने छूट रहा पसीना

■ आखिर माफियाओं से क्या संबंध है साहब जो दे रखा है इतना छूठ, हसदेव दिन रात हो रही है छली

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह सहित आस पास के गांव मे रेत माफिया पुरी तरह से सक्रिय है और खनिज विभाग के देख रेख मे जांजगीर चांपा जिले मे माफिया राज चल रहा है और जांजगीर चांपा जिले की जीवन दायिनी कहे जाने वाली हसदेव नदी का सीना दिन रात जेसीबी मसीन लगाकर छली किया जा रहा है आप को बता दे की हसदेव नदी से रोजाना सैकड़ों हाइवा और ट्रैक्टर रेत निकाल कर बिना रायल्ट्री के बेचा जा रहा है जिस जगह से जेसीबी मशीन लगाकर रेत निकाला जा रहा है उस जगह को शासन ने रेत घाट ही घोषित नही किया है और धड़ल्ले से बम्हनीडीह के माफिया वही से



बेधड़क रेत निकाल कर बाजार मे उच्चे दाम मे बेच रहे हैं और अपनी जेब भरने के साथ खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को भी मैनेज कर रहे है ताकी खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी का संरक्षण मिलता रहे और माफिया राज खुले आम चलते रहे ।

## बम्हनीडीह के रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने से घबराते है खनिज व पुलिस विभाग के जिम्मेदार

बम्हनीडीह हसदेव नदी से रात दिन रेत निकाली जा रही है यहां पुरी तरह से माफिया राज जिला प्रशासन पर भारी है यहां के रेत माफियाओं के खिलाफकार्रवाई करने से खनिज विभाग के हाथ पांव फूल जाते है और वह बम्हनीडीह के रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उनको खुली छूट दे रखा है यहां रेत माफिया खुले आम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे और डोंगा घाट मे जेसीबी मशीन लगाकर हाइवा ट्रैक्टर मे रेत निकाल कर बेच रहे है बताया जा रहा है कि रेत माफिया का सरगना भाजपा पार्टी से संबंध रखता है और बम्हनीडीह क्षेत्र का छूट भैया नेता है जिसके संरक्षण में बम्हनीडीह मे माफिया राज चल रहा है बम्हनीडीह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे और डोंगा घाट हसदेव नदी से अवैध तरीके से रेत निकाल कर खुले आम माफियाओं के ट्रैक्टर व हाइवा फराटे भरते रहते है पर इनके खिलाफकार्रवाई करने बम्हनीडीह तहसीलदार भी कोई रुचि नहीं दिखा पा रहे है ।

## बम्हनीडीह गोविंदा गांव मे सब से जादा माफिया हैं सक्रिय

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह पुछेली गोविंदा सोनाईडीह जुन्नाडीह बसंतपुर किकिरदा हथनेवरा सिलादेही मे रेत माफिया काफी सक्रिय है और दिन रात मसीन लगाकर रेत निकाल रहे है बम्हनीडीह के कब्रिस्तान के पीछे और डोंगा घाट से रोजाना रेत निकाला जा रहा है और चांपा कोरबा बिलासपुर सारागांव क्षेत्र मे सप्लाई किया जा रहा है वही गोविंदा हसदेव नदी के पुल के नीचे से रेत निकाल कर शक्ति जिला के जैजैपुर दतौद कांशीगढ सहित आस पास के क्षेत्र में हसदेव नदी की रेत निकाल कर सप्लाई कर रहे है ।

# शाप्रा शाला अमोदी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



ग्रामो मे स्वच्छता का वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से स्कूल स्तर एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न तरह के कार्यकम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम मे शास प्राथमिक शाला अमोदी मे भी स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अलग अलग तरह के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वच्छता पर शपथ दिलाया गया। जिसमे अपने शरीर, आसपास के परिवेश को साफएवं स्वच्छ रखने हेतु जागरूक किया गया। पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। उसके पश्चात एक अक्टूबर को शाला स्तर पर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिक्षक गुलज़ार बरेठ द्वारा प्रश्न करते ही बच्चे खड़े होकर सही जवाब दिये। अंत मे निरीक्षण मे पहुँचे ए पी सी जांजगीर द्वारा भी प्रश्न किया गया, बच्चों का जवाब सुनकर जायसवाल सर द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। उसके पश्चात स्वच्छता पर अधारित चित्र प्रतियोगिता और नारा लेखन का कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी किया गया। निरीक्षण मे जिला परियोजना कार्यालय से पहुँचे एपीसी एच आर जायसवाल, कार्यक्रम मे उपस्थित सरपंच महोदया सेवती राज सचिव, प्रमोद यादव, उपसरपंच सीता राम जायसवाल, दिनेश राठौर, नूतन कँवर आदि ने बच्चों द्वारा बनाये स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग एवं नारा लेखन प्रदर्शनी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को देखा व भूरी भूरी प्रशंसा किया। कार्यक्रम मे एपीसी हरीराम जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमे व्यक्तिगत सफाई के साथ ही साथ आसपास की सफाई, घर, गांव, गली आदि को भी साफ सुथरा रखना चाहिए। कार्यक्रम मे अलग- अलग प्रतियोगिता मे स्थान पाने वाले बच्चों को उपस्थित अतिथियों के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। आखिर मे सभी बच्चों को स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस तरह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, अतिथीगणो व स्कूली बच्चों को शाला के प्रभारी प्रधान पाठक रामकुमार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गुलज़ार बरेठ द्वारा किया गया।

# बहुजन समाज पार्टी ने सर्वप्रथम 9 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ समय बचा हुआ है जहां तक आचार संहिता अक्टूबर 2023 में लगने की संभावना है जिसमें अभी राष्ट्रीय पार्टी के कुछ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं जिसमें बहुजन समाज पार्टी ने सर्वप्रथम 9 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किया। इस परिपेक्ष में भारतीय जनता पार्टी ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। वहीं पर आम आदमी पार्टी ने 10 लोगों की सूची जारी किया है । राष्ट्रीय पार्टी के भी हौसले इतना बुलंद नहीं है कि वह अपने विधानसभा के प्रत्याशियों की सूची जारी कर पाए। वह कहते हैं, कि शुभ मुहूर्त देखकर प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करेंगे । लेकिन गणेश चतुर्थी के उपरांत भी भारत देश के राष्ट्रीय पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना हौसला ना बढ़ाते हुए देश की दूसरी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की मुंह ताक रहे हैं । वहीं पर अपने आप को देश की तीसरी राष्ट्रीय पार्टी कहने वाली आम आदमी पार्टी भी 10 उम्मीदवारों की सूची जारी कर कांग्रेस ,बीजेपी की सूची का इंतजार कर रहे हैं। अभी छत्तीसगढ़ में जोगी कांग्रेस पार्टी यह कह रही है कि कांग्रेस, बीजेपी उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद हम अपने उम्मीदवारों का सूची जारी करेंगे । इस साफजाहिर होता है की तमाम पार्टियों एक दूसरे की मुंह ताक रहे हैं। जिसमें सभी पार्टी यह चाहते हैं कि विधानसभा में हमारा ही पार्टी के प्रत्याशी विजयी हो लेकिन सभी पार्टियों में से एक विधानसभा से एक ही व्यक्ति विधायक बनकर जाता है । इससे जो देश के सर्वोच्च प्रथम राष्ट्रीय पार्टी भारतीय जनता पार्टी को भी डर है कि हम इस बार छत्तीसगढ़ में अपना मुख्यमंत्री बना पाते हैं या नहीं उसी को लेकर वह दूसरे नंबर की कांग्रेस पार्टी के मुह को ताक रहे हैं बाकी अन्य पार्टियों भी जो कांग्रेस एवं भाजपा से बागी के रूप में आएगा उसे अपने उम्मीदवार बनाने के लिए सोच रहे हैं। लेकिन मैं उन पार्टियों से यह कहना चाहूंगा कि यदि कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी से जो कटकर दूसरे पार्टी में शामिल होंगे तो उस पार्टी के पुराने कार्यकर्ता भी उसे पार्टी से नाराज होंगे। उन पार्टी के नेताओं को अपने पुराने कार्यकर्ताओं को ही पार्टी का टिकट देना चाहिए ना की नई पार्टी से आए लोगों को टिकट देना चाहिए । यदि नए लोगों को पार्टी में टिकट दिया जाता है तो पुराने कार्यकर्ता भी असंतुष्ट होंगे जिनका खमिआजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है । तमाम राजनीति पार्टी वालों को अपने पार्टी के प्रत्याशी का पर्चा खोलना चाहिए ताकि वे अपने समय पर हर गांव गांव जाकर अपने पार्टी का प्रचार प्रसार कर सकें ताकि वे अपने प्रतिद्वंदी का खुलकर मुकाबला कर सकें तभी तो पार्टी का कारवां आगे बढ़ेगा नहीं तो पार्टी के कार्यकर्ता असंतुष्ट होने पर पार्टी में बगावत आएगी और पार्टी आगे नहीं बढ़ सकेगा।

# नाबालिग अपहृता को दस्त्याब करने में मुंगेली पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




नाबालिग अपहृता को दस्त्याब करने में मुंगेली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 24 सितंबर को थाना चिल्फी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री को उसका भांजा नीलकण्ठ कुर्रे द्वारा बहला-फुसलाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में आरोपी के विरूद्ध अपराध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना से नाबालिग अपहृता एवं आरोपी नीलकंठ कुर्रे का रायपुर में होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर नाबालिग अपहृता को आरोपी नीलकंठ कुर्रे के कब्जे से बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में थाना लाया गया। नाबालिग अपहृता का महिला अधिकारी से कथन उपरांत प्रकरण में धारा 376, भादवि, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में सहायक उपनिरीक्षक के.एस. राजपूत, आरक्षक कृष्णानंद साहू, महिला आरक्षक संगीता बर्मन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वच्छ्ता अभियान और नशा मुक्ति रैली का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चाम्पा के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सिवनी (चाम्पा) में 01 अक्टूबर 2023 को राजीव युवा मितान क्लब सिवनी (चाम्पा) के तत्वावधान में स्वच्छ सिवनी, स्वच्छ भारत का नारे के साथ अनेक जगहों पर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया, यह अभियान 1 अक्टूबर से आरंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलता ही रहेगा, आज राजीव युवा मितान क्लब सिवनी के द्वारा गांव में नशे की बढ़ती लत को देखते हुए नशामुक्ति रैली का आयोजन भी पूरे ग्राम में किया गया, जिसमे पूरे गांव के निवासियों से नशा नही करने का संदेश स्लोगन के माध्यम से दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सिवनी जन प्रतिनिधिगण, भागवत साहू, चूणामणि राठौर, दीपक बरेठ, चंद्कुमार राठौर, रामा राठौर, राघवेंद्र नामदेव, चंद्रशेखर राजपूत राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष गुणेश्वर यादव, सहसचिव मनीष राठौर, अनिकेत पांडेय, सदस्यगण भवानी बरेठ, फुलेश देवांगन, उमेश देवांगन, भीखम बरेठ, दिलेश देवांगन, दीपक देवांगन, प्रदीप देवांगन, आकाश पटले, उमेश राठौर, भाविका देवांगन, कामना देवांगन, मल्लिका राठौर, वंशिका नामदेव तथा सिवनी राजीव युवा मितान क्लब के अन्य सदस्यगण, तथा नवयुवक, साथीगण शामिल हुए।

# समस्त गणेशोत्सव समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक नयनाभिराम झांकियां निकाली गई



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शुक्रवार की मध्यरात्रि मुंगेली शहर में समस्त गणेशोत्सव समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक नयनाभिराम झांकियां निकाली गई। नगर के मुख्य मार्ग से निकली यह झांकियों पड़ाव चैक,माता परमेश्वरी चैक,पुराना बस स्टैंड,आगर नदी पुल पारा, दाऊ पारा होते हुए सुरीघाट विसर्जन के लिए पहुंची जहां जिले के हृदय स्थल पड़ाव चैक में स्टाफ ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी, सारथी पारा में प्रभातफेरी, माता परमेश्वरी चैक में शिवमुद्रा, पुराना बस स्टैंड में आगर क्लब और राजपूत समाज द्वारा गणेश झांकी का स्वागत किया गया। झांकियों में प्रमुख रूप से भगवान महाकाल की नृत्य सहित एक से बढ़कर एक नयनाभिराम झांकी में निकाली गई। आकर्षक लाईट डेकोरेशन, धूमाल व डीजे की मधुर थाप से सुसज्जित झांकिया लोगो के मन को देर रात तक मोहती रही। झांकियों को देखने न केवल नगर ही नही बल्कि ग्रामीण अंचल सहित जिले भर से हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मध्य रात्रि से सुबह तक झांकियों का सिलसिला जारी रहा। डीजे व धूमाल के मधुर संगीत में झूमते हुए भक्तों में हर्ष व उमंग की लहर उमड़ने लगी।

# शहर के एक बच्चे को मिली एक अनोखी और बहुत ही उपयोगी श्रवण यंत्र

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के तहत शहर के एक बच्चे को मिली एक अनोखी मगर बहुत ही उपयोगी श्रवण यंत्र जो बच्चे के लिए बेहद उपयोगी मशीन जिसके उपयोग से कभी न बोलने व सुनने वाला श्रीधर अब बोलने भी लगा और सुनने भी लगा ये कहानी नही हकीकत है मुंगेली शहर के श्रीधर शर्मा पिता चूड़ामणि शर्मा जो की एक प्राइवेट स्कूल मे शिक्षक है उनके पुत्र श्रीधर बचपन से ही एक नस दब जाने के चलते ना ही वह सुन सकता है और ना ही वह बोल सकता है श्रीधर के पिता इसकी जानकारी सुभाष वार्ड के पार्षद रोहित शुक्ला को दी जिस पर हमेशा की तरह लोगो के लिये मदद के लिये तैयार रहने वाले नगर पालिका के सभापति रोहित शुक्ला ने कुछ दिन पूर्व मुंगेली पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री से बच्चों की एवं उसके पिता की मुलाकात मुख्यमंत्री से करवाई एवं श्रीधर के बारे में पूरी जानकारी दी गई जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीधर के इलाज के लिए जो भी मदद होगी उसको करने की बात कही थी जिस पर अभी 2 दिन पूर्व ही श्रीधर को ऑस्ट्रेलिया से एक ऐसी मशीन भेजी गई जिसके सिर के पीछे की ओर लगाने से बच्चा सुन भी पा रहा है और बोल भी पा रहा है इस मशीन ने मानो श्रीधर की गुमनाम भरी जिंदगी मे फिर से खुशियों से भर दिया है इस मशीन के लगने से श्रीधर बहुत खुश हैं अब उसे किसी प्रकार पढ़ाई लिखाई करने में कोई परेशानी नहीं होगी श्रीधर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी धन्यवाद किया है जिन्होंने उसकी सुनी पड़ी जिंदगी को फिर से खुशहाल कर दिया है इस मशीन की कीमत लगभग 7 लाख रुपए है जो की सामान्य मध्यम वर्ग के परिवार के लिए बहुत ज्यादा है सरकार से मिले इस सहयोग के लिए बच्चे के माता-पिता एवं परिवार जनों ने संवेदनशील मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया एवं पार्षद रोहित शुक्ला को भी इस पहल के लिए धन्यवाद कहाकृ।

# मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने किया ग्राम गौरमुडा में सीसी रोड का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी शक्ति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने 1 अक्टूबर को मंडी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदा के आश्रित ग्राम गौरमुडा में करीब से 6,31 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 200 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया, इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने विधिवत पूजा- अर्चना कर भूमि पूजन करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है,एवं उपरोक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह के प्रयास से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दिलवाई है, एवं पूरे शक्ति विधानसभा क्षेत्र में विकास के काम तेजी से हो रहे हैं ,एवं आने वाले समय में ग्रामीण इलाकों में किसानों को भी हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो इस दिशा में सरकार काम कर रही है, वहीं ग्रामीणों ने भी मंडी अध्यक्ष सहित स्थानीय विधायक एवं उनके प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर ग्राम पंचायत हरदा के सरपंच गौरीशंकर यादव ने भी कहा कि मंडी अध्यक्ष जी पूरी सक्रियता के साथ क्षेत्र में काम कर रहे हैं एवं हम उनका आभार व्यक्त करते है,1 अक्टूबर को आयोजित ग्राम पंचायत हरदा में सीसी रोड के भूमि पूजन समारोह में कृषि उपज मंडी शक्ति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू, ग्राम पंचायत हरदा के सरपंच गौरीशंकर यादव, गिरधर,पिंटू, लेखराम राठौर, प्रकाश साहू, राजू सिदार, जनपद सदस्य सावित्री बबलू नेताम, राजीव मितान युवा क्लब के अध्यक्ष रामेश्वर बरेठ, ग्राम पंचायत के सरपंचगण- नवरत्न दास वैष्णव, चित्रभान सिंह,गोपाल सिंह, समुद्र कुंवर, अमर सिंह, कौशल्या यमुना चौहान, पूर्णिमा, श्यामलाल यादव, श्यामलाल चौहान, नरसिंह नेताम, मुकेश सिंह जगत, किशन जगत, कीर्तन, धरणीधर चौहान, रामस्वरूप, अशोक, मन्नू,धीरज पटेल सहित काफी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## मिलेट फसलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ सरकारः डॉ महंत

# जिले के पहले मिलेट्स कैफ़े का विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में महिला स्वरोजगार, उद्यमिता सहित सुपोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मिलेट्स कैफे की शुरुआत की जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज जांजगीर चांपा जिलें के प्रवास के दौरान चांपा के स्वामी विवेकानंद उद्यान परिसर में मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया। स्वाद एवं सेहत से भरपूर व्यंजनों की बहार इस मिलेट्स कैफे में जिलेवासियों को मिलेगी। डॉ महंत ने फीता काटकर चांपा में मिलेट्स कैफ़ेका शुभारंभ किया तथा कैफे में मिलेट्स व्यंजनों का स्वाद चखा। उन्होंने मिलेट्स कैफे का अवलोकन कर जिला प्रशासन की सराहना की तथा शुभकामनाएं दीं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह जिले का पहला मिलेट कैफ़े इतने सुंदर स्थान पर शुरू हो रहा है और यह दृश्य बहुत ही सुंदर है।इसे देखने पूरे जिले के लोग आएंगे और मिलेट्स कैफ़े में मिलेट्स से बने पौष्टिक तथा स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद लेंगे। राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के साथ साथ हमारे छत्तीसगढ़ की सरकार भी मिलेट फलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इसके पश्चात जांजगीर के नेताजी चौक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा का भी अनावरण किया। इस अवसर पर रवि पांडेय, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जो समर्थन मूल्य पर मिलेट्स की खरीदी कर रहा है। मिलेट्स के उत्पादन को मिल रहे प्रोत्साहन से किसानों का भी उत्साह बढ़ा है।

बघेल की पहल पर मिलेट्स के उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में मिलेट कैफे का संचालन भी शुरू किया गया है। इसी अनुक्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिला के चांपा के स्वामी विवेकानंद उद्यान परिसर में मिलेट्स कैफे तैयार किया गया, जिसका इंतज़ार लम्बे समय से जिलेवासियों को था और इसका शुभारंभ भी हो गया।यहां मुख्य रूप से मिलेट्स से बने पौष्टिक तथा स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद लोगों को चखने मिलेगा। यहां मिलेट्स रागी पिज्जा, पिज्जा,रागी वेज सैंडविच, रागी गार्लिक ब्रेड, रागी इडली, रागी कुकी, कुटकी खीर, गुलगुला, चैनल खीर, रागी बड़ा,भजिया, रागी चीज डोसा, लेमन ग्रास टी,बस्तरिया कॉफी,बासी भात विथ दही, कुटकी टी, किनवा लस्सी, किनवा स्पाइस बट्टर मिल्क, बाजरे का पराठा, बाजरा चीला, रागी चीला, ज्वार पकोड़ा, रागी मसाला दोसा, ज्वार मसाला दोसा,मिलेट राइस,मिलेट्स मंचूरियन, मिलेट्स पनीर चिल्ली, कोदो फ्राई चावल, मिलेट्स बिरयानी, बाजरा रोटी, ज्वार रोटी, किनाना की खीर, कुटकी की खीर, ज्वार मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे, इसके साथ ही अन्य व्यंजनों की भी उपलब्धता यहां होगी।

# संकुल केंद्र धिमानी में हुआ कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम विद्यार्थियों का हुआ विकासखंड स्तरीय चयन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक संकुल स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के तहत स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में 30 सितंबर को संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन संकुल केंद्र धिमानी में संपन्न हुआ, इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका शशिकला उराव सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे,तथा इस कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला से विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला से लतिका एवं चंचल बरेठ तथा माध्यमिक शाला से लिसा यादव का चयन विकासखंड स्तर पर हुआ, एवं उपरोक्त चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर अपना प्रदर्शन करेंगे, उपरोक्त जानकारी शिक्षिका शशिकला उरांव ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साह के साथ अपनी सहभागिता की तथा सभी बच्चों ने इसमें अपनी बेहतर प्रस्तुति दी है।

# नगर के युवाओं ने पकड़ा अवैध रेलवे के लोहे से भरा ट्रक


## प्रधान आरक्षक का नाम आ रहा सामने

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com





एक ट्रक जो संदिग्ध रूप से रामानुजनगर के पतरापाली से भारी मात्रा में कबाड़ और रेलवे में उपयोग होने वाले ज्वाइंटर से भरा था जो रिंगरोड सूरजपुर पेट्रोल पंप तिलसिंवा के पास से नगर के युवाओं ने पकड़ कर कोतवाली में सुपुर्द किया। जहां ट्रक मालिक ने वैध दस्तावेज ना होने से ट्रक क्रमांक यू पी 14 जे, टी 1699 जिसमें रेलवे का लोहा भरा था जिसका वजन भी एक प्रधान आरक्षक के मोबाइल में सेंड हुआ है। कोतवाली के सुपुर्द करा दिया। आप को बता दें कि कोई आशिफ भाई नाम का शख्स जो मोबाइल नंबर 9669965043 में बता रहा है कि रेलवे के लोहे का वजन कितना है, आशिफ भाई नामक शख्स बता रहा है कि 31200 वहीं एक और नंबर से आशिफभाई नामक व्यक्ति के पास नंबर आ रहा है। वो नंबर सर्च करने पर सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक का बता रहा है।




### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

वहीं इस मामले में पुर्व जिला पंचायत सभापति पंकज तिवारी ने कहा है कि नगर में खाखी के आड़ में जो अवैध कार्य कबाड़ का काला धंधा हो रहा है,ये कांग्रेस के शासन में कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा नगर के युवाओं ने जो आज ये साहस भरा कार्य किया है उसके लिए वो बधाई के पात्र हैं, पुलिस की संलिप्तता इसमें साफदिखाई दे रही है, जल्दी हम इसकी शिकायत प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल से किया जायेगा। तो वहीं एएसपी सोभराज अग्रवाल से कोतवाली के एक प्रधान आरक्षक का नंबर रेलवे का कबाड़ लोड ट्रक के व्यक्ति आशिफभाई नामक शख्स से कबाड़ का वजन या और भी किसी विषय में संलिप्तता दर्शाता है पुछे जाने पर एएसपी सोभराज अग्रवाल ने कहा कि मोबाइल की काल डिटेल और अन्य जानकारी प्राप्त करने के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। वहीं आज रविवार को कोतवाली प्रभारी लक्ष्मन सिंह धुर्वे ने बताया कि मामला 102 के तहत दर्ज कर लिया गया है, और मोबाइल के काल डिटेल की जानकारी निकलवाई जा रही है।

# स्वच्छता ही सेवा का जश्न मनाते हुए, एनएमडीसी ने एक मेगा स्वच्छता अभियान और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने 1 अक्टूबर 2023 को अपने प्रधान कार्यालय और देश भर में अपनी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में एक मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल एनएमडीसी द्वारा 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा, विशेष अभियान 3.0 के तहत की गई। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्य मों की शुआत में प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की ताकि बापू को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि प्रदान की जा सके। महात्मा गांधी को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्रीय खनिक अपनी सभी प्रमुख परियोजनाओं-किरंदुल, बचेली, दोणिमलै और पन्ना में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चला रहा है और प्रभात फेरी निकाल रहा है। प्रत्येक परियोजना ने जन भागीदारी के माध्यम से मशः एक -एक गांव को स्वच्छ करने की जिम्मेदारी ली। एनएमडीसी के कर्मचारियों ने आज एनएमडीसी मुख्यालय में उल्लेखनीय स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। विभिन्न परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मचारियों ने भी स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया और जिम्मेदार नागरिकों के रूप में योगदान दिया। प्रधानमंत्री के कचरा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के समर्थन में, एनएमडीसी ने अपने प्रधान कार्यालय, हैदराबाद में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्रों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को शामिल करके जन जागरूकता को बढ़ाना था। अपनी मौलिकता और नवाचार के साथ, प्रतिभागियों ने अपनी कलाकृति के माध्यम से अपनी प्रतिभा और जुनून का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सत्येंद्र राय, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशा) ने कहा एनएमडीसी को स्वच्छ भारत मिशन का स य भागीदार होने पर गर्व है और यह समय-समय पर अपने प्रधान कार्यालय और परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान आयोजित करता है। एक जिम्मेदार खनिक के रूप में, हमें अपने-अपने स्थानों पर स्वच्छता कार्य की जिम्मेवारी लेना चाहिए और हरित और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाना चाहिए। स्वच्छ और हरित राष्ट्र के लिए स्वच्छता की आवश्यकता पर जोर देते हुए, एनएमडीसी ने कार्यस्थल पर विभिन्न सफाई गतिविधियों, कार्यालयों और विद्यालयों में जागरूकता कार्य मों और सार्वजनिक स्थानों जैसे टाउनशिप, बाजारों, बस स्टॉप और अन्य सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता पहल का आयोजन किया।

# विवेकानन्द महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह अन्तर्गत आयोजन

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ कें स्वर्ण जयंति वर्ष में राष्ट्रीय पोषण माह अन्तर्गत गृहविज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पोषण संबंधित कई विषयो पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सुपोषण के महत्व को संमझाते हुए कुपोषण से बचाव के लिए आहार आयोजन बताया गया संतुलित आहार की थाली कैसे तैयार कि जाये समझाया गया, इसी क्रम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए मिलेट्स के महत्व, मिलेट्स की उपयोगिता संबंधी व्याख्यान भी दिया गया मिलेट्स के उपयोग से रोगो की रोकथाम एवं रोक प्रतिरोधक शक्ति को बढाने की जानकारी देते हुए गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के द्वारा प्रतिदिन आपनी जीवन शैली में मिलेट्स (मोटा अनाज ) को सम्मिलित करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया।

विद्यार्थियों को अपने घर में अपनी माताओं को भी मिलेट्स के महत्व को समझाने एवं भोजन में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया।

# गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर ग्राम भुरसुदा में स्वच्छता अभियान चालाया गया



**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम भुरसुदा में 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया जो की बुथ क्रमांक 232 ग्राम पंचायत भुरसुदा में बुथ कमेटी के सभी सदस्य गण व अन्य ग्रामीण महिला समुह के द्वारा 2अक्टुबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 1 अक्टुबर दिन रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम भुरसुदा के स्कूल, आंगनबाड़ी, मंदिर व मुख्य मुख्य मार्गो एवं ग्राम पंचायत भवन व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुर्व जनपद सदस्य चंद्रवती यादव, ममता साहू,आसीन धृतलहरे, हुलासा साहू, सरोज सिंन्हा, हिरौन्दी साहू, बसंती साहू, सुखवंतीन यादव, जानकी वर्मा, संतोषी धृतलहरे, कुसुम बंजारे, आरती निर्मलकर, रूपा साहू, बसंती साहू, संतोषी साहू, बिमला निर्मलकर, सुमन निर्मलकर देवकी निर्मलकर टिकेश्वरी निषाद, मोतिम निषाद, सीमा यादव, रामबाई निषाद आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# लड़के के चाह में पत्नी को पेट्रोल से जलाया

## गंभीर हालत में महिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com





रामानुजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला रेनू गुप्ता उम्र 32 वर्ष को आग लगाने से बुरी जल गई, जहां महिला के परिजनों ने पति लोकेश गुप्ता पर ही पेट्रोल डालकर आग से जलाए जाने का आरोप लगाया है, डॉक्टरों की मुताबिक 70 से 80 प्रतिशत महिला आग लगने से झुलस गई है, जहां बेहतर इलाज के लिए महिला को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

### क्या है पुरा मामला

महिला के ब्यान के अनुसार रेनू गुप्ता का शादी हुए लगभग नौ वर्ष हो गया था महिला का नैहर सूरजपुर है और महिला की शादी रामानुजनगर में लोकेश गुप्ता से 2014 में हुई थी शादी के नौ साल में महिला की दो पुत्रियां थीं, जिससे पति लोकेश बार बार उसे इस बात से प्रताणित करता था कि वो लड़का नहीं पैदा कर सकती, इस बात को लेकर बार बार पति महिला को प्रताणित भी करता था और आज सुबह रविवार को उसे पेट्रोल डाल कर माचिस मार दिया जिससे महिला लगभग 80 प्रतिशत जल चुकी है।

वही मामले की जानकारी तहसीलदार सूरजपुर को मिलने के बाद पीड़िता का बयान लिया गया, जहा पीड़िता ने अपने बयान में तहसीलदार को बयान देते हुए बताया कि उसकी दो बेटी है और बेटा नही होने के वजह से पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे,, ऐसे में आज सुबह पति ने पेट्रोल डालकर आग लगा दिया,, इस दौरान सास भी वही मौजुद थी,,फिलहाल तहसीलदार ने महिला के परिजनों को जांच उपरांत कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत एसईसीएल दवारा श्रमदान सफाई अभियान




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एसईसीएल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बिलासपुर में अरपा नदी के किनारे बने छठ घाट पर निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या की उपस्थिति में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया जिसमे एसईसीएल के लगभग 250 विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, महिलाकर्मियों, सफाईकर्मियों ने हिस्सा लिया। जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल और स्वच्छता विभाग एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस वर्ष के अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है और इस वर्ष के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपने आसपास की जगहों की सफाई एवं हमारे सफाईमित्रों के कल्याण को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में सभी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाओं एवं देश वासियों से 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान कर बापू की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें 'स्वच्छांजलि' देने की अपील की गई थी। इसी तारतम्य में सफाई कार्यक्रम का आयोजन एसईसीएल द्वारा किया गया जिसमें एसईसीएल कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं श्रमदान कर छठ घाट कि सफाई की। इस अभियान के सफल आयोजन में कल्याण विभाग, सीएसआर विभाग, प्रशासन विभाग, नगर प्रशासन विभाग की सक्रीय भूमिका रही।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। चलिए, वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफइंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।

**कंपनी क्लेम और सेटलमेंट अनुपात**

आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस-97.90 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस-96.70 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस-95.80 प्रतिशत, बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस-93.50 प्रतिशत, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस-86.30 प्रतिशत, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस-77.30 प्रतिशत, क्लेम सेटलमेंट अनुपात की गणना पब्लिक डिसक्लोज़र्स से की गई है, जो संबंधित कंपनियों की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है, बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है। ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई के विषय में कंपनी पर भरोसा करते हैं और कंपनी के आँकड़ें भी यही साबित करते हैं कि वे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं। कंपनी की 'क्लेम फॉर श्योर' पहल सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के बाद सभी पात्र डेथ क्लेम्स को एक दिन में सेटल करना सुनिश्चित करती है। 'क्लेम फॉर श्योर' एक सेवा पहल है, जिसके माध्यम से कंपनी का लक्ष्य परिवार के किसी सदस्य विशेष के खोने की वजह से परिवार पर आने वाले वित्तीय संकट को कम करना है।

# राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कर किया पौधा रोपण



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाहन पर 01 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान पूरे देश में चलाई जा रही है इसी कड़ी में नगर के कनहर नदी के तीर पर राम मंदिर घाट के पास सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात के 105 वें एपिसोड में उन्होंने सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से 'स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान' करने की अपील करते हुए कहा था कि यह पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी जी को 'स्वच्छांजलि' होगी। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंगी गुप्ता एसडीएम गौतम सिंह तहसीलदार विष्णु गुप्ता सीएमओ निलेश केरकेट्टा पार्षदो में अशोक जायसवाल अशोक गोड़ मुकेश जायसवाल विजय रावत एल्डरमैन अभिषेक सिंह बायोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक धनंजय पाठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक सुभाष जायसवाल वरिष्ठ नागरिको में रामशंकर दूबे,अशोक केसरी संतोष गुप्ता,रमेश गुप्ता विकास दुबे अधिवक्ता प्रमोद कश्यप सहित अन्य लोगों ने राम मंदिर घाट समीप श्रमदान कर घाट की साफसफाई करते हुए पौधा रोपण उपरांत नगर के महामाया चौक पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता एफएल एन के थीम पर आधारित

# वि,ख, स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टी एल एम प्रतियोगिता का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






स्व.विरेन्द्र बहादुर विज्ञान भवन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसीसी द्वय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टी एल एम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के द्वारा की गई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वय डी. एन.दीवान, जितेंद्र रावल, चन्द्रहास पात्र, अनिल पटेल ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप ने कहा कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता एफ एल एन के थीम पर आधारित है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनारायण दीवान ने कहा हम सभी शिक्षा दान करने वाले शिक्षक बच्चों के अधिगम प्राप्ति के लिए पढ़ाने में टी एल एम का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। जितेंद्र रावल ने कहा बच्चों की सोच को सही दिशा देने से सोच में बदलाव आएगा और उनकी प्रतिभा में सतत निखार आएगा। बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने कहा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शिक्षण में सहायक अधिगम सामग्रियों की उपयोगिता/ महत्व को साझा करते हुए नवाचारी शिक्षक, शिक्षिकाओं को नवाचार करने और शिक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता को प्राथमिक विभाग ,उच्च प्राथमिक विभाग को विज्ञान एवं गणित दो समूह में बांटा गया। जिसमें शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया और टी एल एम का सविस्तार प्रस्तुतीकरण किया। निर्णायकों में विज्ञान समूह के लिए चन्द्रहास पात्र, खिरोद्र सोनी गणित समूह से किशोर पटेल, बिंदु प्रकाश चौधरी, अनिल पटेल ने अवलोकन कर बखूबी निर्णय दिया। विकासखंड के 38 संकुलों से लगभग 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को विकासखंड से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ मोमेंटो से सम्मानित किया गया द्व प्राथमिक स्तर गणित समूह में प्रथम घनश्याम चौधरी शा.प्रा.शाला गोहेरापाली, द्वितीय वर्षा नंद शा.प्रा.शाला बानीगिरोला, विज्ञान समूह में प्रथम योगेश साहू शा.प्रा.शाला कसडोल, द्वितीय शिला विश्वास शा.प्रा.शाला मुंधा, उच्च प्राथमिक स्तर गणित समूह में प्रथम कनकलता राजहंस उ.प्रा.शाला प्रेतनडीह द्वितीय यशवंत चौधरी सेजेस, विज्ञान समूह में प्रथम धनीराम साव उ.प्रा.शाला अमरकोट,द्वितीय संगीता पण्डा मंदिर स्कूल ने अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक पुरुषोत्तम पटेल, कृष्ण चंद्र पटेल, छबीलाल पटेल, कैलाश चंद्र पटेल, भोलानाथ नायक, कौशल प्रधान, गिरधारी पटेल, जय नारायण पटेल, कामता पटेल, सुशील चौधरी, कोमल प्रताप चौधरी, हेमचंद पटेल, लालभूषण पाढ़ी, देवानंद नायक, पाल सिंह बंजारे, धरम सिंह पटेल, घनश्याम दास, अरुण विशाल, राजेश पटेल, तेजराम पटेल, तुलसीदास वर्गे एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# पूर्व सांसद परस राम भारद्वाज की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने किया याद



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी ने 01 अक्टूबर को सुबह 10.00 बजे कांग्रेस भवन में पूर्व सांसद स्व परसराम भारद्वाज की जयंती मनाई और उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस असवर पर संयोजक ज़फ़र अली, एसएल रात्रे ने कहा कि स्व परसराम भारद्वाज का जन्म एक मध्यम परिवार में हुआ, उनकी प्रारम्भिक शिक्षा के बाद सरकारी स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर बन गए किन्तु समाज सेवा की ललक ने उन्हें राजनीति में ले आया, सरकारी नौकरी छोड़ने के बाद विद्याचरण शुक्ल के सम्पर्क में और 1980 में सारँगगढ़ लोकसभा से सांसद चुने गए जो लगातार छः बार 1998 तक निर्वाचित होते रहे, उनके संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाया, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। महानदी में बड़ा पुल का निर्माण कराए जिससे रायगढ़ ज़िला और रायपुर ज़िला का बिलासपुर से सम्पर्क दूरी कम हो गई, जो व्यापार और आवागमन की दृष्टि बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ, उन्होंने पिछड़े वर्ग, एससी वर्ग, एसटी वर्ग के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक काम किये, स्व परसराम भारद्वाज अनुसूचित जाति का बड़ा नाम था, उनका असमय निधन से क्षेत्र और छत्तीसगढ़ की बड़ी क्षति हुई। कार्यक्रम में संयोजक ज़फ़र अली, एसएल रात्रे, विनोद साहू, ब्रजेश साहू, सुभाष ठाकुर, वीरेंद्र सारथी, राजेश शर्मा, गणेश रजक,दिनेश सूर्यवँशी, मनोज सिंह,हेरि डेनिएल, चन्द्रहास केशरवानी, दीपक रेचलवार, सूर्यकांत साहू,अशोक सत्यार्थी, किशन साहू आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं से बनी पहचान : मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में शामिल हुए सीएम

■ प्रदेशभर में बनाए गए लगभग साढ़े 10 हजार से अधिक गौठान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम सांकरदाहरा में चातुर्मास महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। गरीब एवं जरूरतमंदों, माताओं, वनांचल क्षेत्र के आदिवासियों, किसान, मजदूर एवं संत महात्मा की सेवा करना है। कोविड-19 संक्रमण के समय विकट संकट आया। इस महामारी के दौरान सरकार द्वारा किसानों की मदद के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाई गई।

संतों का ध्यान गौवंश की रक्षा में रहता है। गौ सेवा करने से संतों का आशीर्वाद मिलता है, क्योंकि यह संतों के हृदय की बात होती है। पहले छत्तीसगढ़ नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को संत महात्माओं का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है और छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा गौठान की परम्परा को मजबूत करने की कोशिश की गई। गौठानों को पुनर्जीवित करते हुए साढ़े 10 हजार गौठान बनाये गये हैं। 10 हजार 250 गौठान पूर्ण हो गये हैं, जो शेष रह गये हैं, उन्हें भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

सरकार द्वारा राम वन गमन पथ बनाया गया है। चंदखुरी में माता कौशिल्या का निवास होने के कारण भगवान श्रीराम का ननिहाल है। शिवरीनारायण, चम्पारण एवं अन्य धार्मिक स्थलों को पर्यटकों के लिए विकसित किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज में प्राचीन वृक्ष लगाए जा रहे हैं। हमारे देश में आदिसंस्कृति, आदिवासियों के लिए देवगुड़ी, सतनामी समाज के लिए मॉडल जैतखाम, दामाखेड़ा में कबीर सरोवर का निर्माण कर रहे है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी संतों का साल भेंट कर सम्मानित किया और संतों से छत्तीसगढ़ की प्रगति एवं सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अंनत विभुषित कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज, महात्यागी महामण्डलेश्वर राम बालक दास जी सहित अन्य संतगण, जनप्रतिनिधिसहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# बुनियादी सुविधाओं पर काम कर रही कांग्रेस सरकार ने भरोसा गढ़ा : छन्नी साहू



■ विधायक ने किया तहसील गोंडवाना समाज भवन को भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधायक छन्नी चंदू साहू ने रविवार को छुरिया नगर में तहसील गोंडवाना समाज भवनका भूमिपूजन किया। आदिवासी समुदाय की भवन की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख की घोषणा की थी। इसकी स्वीकृति मिलते ही यहां निर्माण शुरु कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि-इस भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद समाजिकजनों को कई आवश्यक कार्यक्रमों के लिए सुगमता होगी। रविवार को आयोजित भूमिपूजन के कार्यक्रम में विधायक छन्नी साहू के पहुंचने पर सामाजिकजनों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने यहां सभी के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशीला रखी। विधायक छन्नी साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि-पांच सालों के इस कार्यकाल में हमने क्षेत्र की आधारभूत संरचना को विस्तार देने पर जोर दिया और इस पर तेज गति से काम भी किया। आज गांव-गांव में सामुदायिक भवन, कला मंच और दूसरे तरह के कई निर्माण जारी हैं। इन भवनों की काफी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि-बुनियादी सुविधाओं पर काम कर ही कांग्रेस सरकार ने भरोसा गढ़ा है। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, जनपद सदस्य विपिन यादव, पार्षद राधे ठाकुर, कोलिहालमती सरपंच प्यारे लाल मंडावी, आदिवासी गोड़ सामज के अध्यक्ष शेरसिंह गोंडिया,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील लारोकर, उपाध्यक्ष मनोज यादव, पार्षद मुकेश कुंजाम, भूषण नेताम, द्रोपती उइके, मुड़ादार मनराखन नेताम, तुलाराम पन्द्रे, झाडूराम ठाकुर, रघुवीर सेवता, गैंदलाल मंडावी, दयाराम कौशल, रामसाय उइके, चन्द्रभान कोर्राम, हरदेव कतलाम, राजेश्वर धुर्वे, रामसहाय उइके, नकुल मंडावी, गंभीर नेताम, भवनसिंह धुर्वे, देशराम कोर्राम, राजेश मंडावी, ढाल सिंह मंडावी,र ाजेश कुमार नेताम, सुरेंद्र मंडावी, नाथूराम सूर्यवंशी, पवन मंडावी, प्रवीण परतेती, ऊद्धव ठाकुर, मोती लाल मंडावी, ईश्वरी मरकाम, देवकुंवर सलामे, बालमुकुंद कुंजाम, मनभावन उइके, मोची राम ठाकुरसहित तहसील इकाई आदिवासी धुर्वे गोंड समाज छुरिया के सदस्य उपस्थित थे।

# क्या केवल खेद प्रकट करना ही काफी है चौथे स्तंभ के सम्मान के लिए

■ सार्वजनिक तौर पर दिया बयान, तो सार्वजनिक माफी भी मांगनी चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधायक इंद्रशाह द्वारा लोकतंत्र के चौथे को लेकर दिए गए गैर मर्यादित बोल पर विधायक ने खेद व्यक्त तो किया है लेकिन जब उन्होंने सार्वजनिक जगह पर लोगों अफसरों नेताओ के बीच ऐसा अभद्र बोल बोला तो उन्हें यदि असल मे पत्रकार और पेपर के प्रति सम्मान है तो विधायक को उसी जगह सार्वजनिक तौर पर मांगी मांगनी चाहिए जहां उन्होंने सार्वजनिक जगह में ये बयान दिया। विधायक इंद्रशाह के ये बोल किसी व्यक्ति विशेष के लिए नही बल्कि सम्पूर्ण मीडिया जगत और विशेषकर उन के खिलाफ है जो दिनभर तकलीफ मोल लेकर खबर ढुंढते है और फिर उनकी मेहनत को एक अखबार आवाज देता है जैसा कि स्ववतंत्रता सेनानियों की ये अखबार आवाज बना। उस अखबार यानी पेपर पर ऐसी भद्दी टिप्पणी हर उस पत्रकार के खिलाफ है जो अखबार में लिखकर या उसे बांटकर अपनी अपनी रोजी रोटी चलाता है । यदि इस अखबार पर ऐसा प्रहार हो तो वो हर उस व्यक्ति पर प्रहार है जो मीडिया तंत्र का हिस्सा है। कल अखबार को अपनी मेहनत से घर घर पहुंचाने वाला अखबार से जुड़ा व्यक्ति1 क्या सोंचे की जिस अखबार को वो घर घर पहुंचा रहा है वो आखिर किस काम आता है। विधायक के बोल ऐसे तमाम लोगों को अपमानित कर रहा है जो अखबार की महत्ता समझते हैं।जनता के बीच आकर खेद प्रकट करें, जिस जनता के बीच बोली गंदी बात । एक पत्रकार को जनता और इलाके के समस्याओ को अवगत करा रहा है उसके सामने अखबार पर ऐसी बात निंदनीय है। जिला भाजपा महामंत्री नम्रता सिंह ने इस मामले पर कहा कि अखबार (पेपर) आजादी की लड़ाई का आधार रहा है। ऐसे महान अखबार पर शासन के जिम्मेदार पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि का जो बोल सामने आया है वो न केवल अशोभनीय है बल्कि निंदनीय है। हर जगह इसकी निंदा होनी चाहिए। अखबार में लिख कर जनता की आवाज बनने वाले पत्रकार साथियों का और सम्पूर्ण मीडिया जगत का ये अपमान है। वाकई केवल पर्दे के पीछे से खेद व्यक्त कर देना काफी नही है। जिस जनता ने इंद्रशाह जी को अपना जनप्रतिनिधि बनाया उसी जनता के बीच आकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी जानी चाहिए। जहाँ तक उचित हो शासन प्रसासन को भी इसे संज्ञान में लेना चाहिए तथा उचित कार्यवाही भी होनी चाहिए।

# हॉकी इंडिया वेस्ट ज़ोन की प्रतियोगिता का जिम्मा राजनांदगांव को

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



09 से 16 अक्टूबर 2023 तक राजनांदगांव में वेस्ट जोन सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका एवं बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होगा। वेस्ट ज़ोन से 7 राज्य राजस्थान, गोवा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजराततथा दमनदीव (नागर हवेली) की टीमें इसमें भाग लेगी। उक्त राज्यो की टीमों से 300 से अधिक बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ी, निर्णायक, कोच मैनेजर, सिलेक्टर आदि यहां पहुंचेंगे। हॉकी इंडिया ग्रासरूट् से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की हॉकी प्रतियोगिता पहली बार करा रहा है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा वर्ष2011व 2016 में हॉकी की दो बार जूनियर बालक/ बालिका राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप राजनांदगांव में आयोजित हो चुकी है। 2016 (रायपुर) में और सबजूनियर राष्ट्रीय बालक हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 2019 (रायपुर और बिलासपुर) तथा हाल ही में विगत 16 से 26 मार्च 2023 को वेस्ट ज़ोन जूनियर बालक/ बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित हुई थी। अब हॉकी इंडिया और छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा एक बार फिर हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले शहर राजनांदगांव में 09 से 16 अक्टूबर तक एक साथ बालक एवं बालिका दोनो वर्ग का वेस्ट जोन राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव में इस प्रतियोगिता से जुड़े सभी कार्यो की तैयारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला प्रशासन, हॉकी छत्तीसगढ़ तथा जिला हॉकी संघ द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है।

### जूनियर टीम में होगा सिलेक्शन

श्रीवास्तव ने बताया कि हॉकी इंडिया ने ग्रास रूट से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस वर्ष से पहली बार सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को चार जोन में विभाजित किया है। चारों जोन में पड़ने वाले राज्यों का आपस में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे टीमों से बेस्ट खिलाड़ियों को चयनित कर एक टीम बनाई जाएगी। यह चयनित टीम इंटर जोन प्रतियोगिता में भाग लेगी। इंटर जोन प्रतियोगिता में सभी जोन से 1टीम के अलावे साई से 02 टीम तथा देश के विभिन्न हॉकी अकादमी से चयनित 02टीम सहित देश के कुल आठ टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता से भविष्य की भारतीय जूनियर हॉकी टीम के लिए खिलाड़ी चयनित किये जायेंगे।

# पत्नी के पहले से शादीशुदा होने पर शुरु हुए विवाद में पति ने की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विवाहित महिला की मौत की जांच में जुटी पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया। इस मामले में आरोपी पति ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि महिला ने अपनी पहली शादी और दो बच्चे होने की बात छिपाई थी। इसी वाद विवाद में उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया है। शहर के मठपारा में 28 सितंबर को पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में शव 31 वर्षीय रोशनी मेश्राम का शव बरामद किया था। पुलिस ने पीएम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पीएम में डॉक्टरों ने शव की जांच के बाद स्पष्ट किया कि महिला की मौत गला दबाने से हुई है। पुलिस ने संदेही उसके पति अश्विन मेश्राम (31) को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की जिसमें उसने जुर्म स्वीकार करते हुए मामले का खुलासा किया। आरोपी अपनी पत्नी की हत्या के बाद जिला गोंदिया स्थित अपने गांव खतिया चला गया था।

# छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा स्थापना का कार्य जारी



राजनांदगांव। कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य को समय-सीमा में गुणवपतापूर्ण कार्य करने कहा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट परिसर में रानी श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास निधि द्वारा 9 लाख 77 हजार रूपए की लागत से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विसर्जन झांकी देखने उमड़ा सैलाब, डीजे-धुमाल की धुन पर थिरकते रहे भक्त

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



माई की नगरी में शुक्रवार की रात गणेश विसर्जन मनमोहक झांकिया निकाली गई झांकी देखने शाम से ही निकलने वाले मार्ग में लोगों की भीड़ होना शुरू हो गई थीं। झांकियो में देशभक्ति, छत्तीसगढ़ संस्कृति परंपरा सहित भगवान की लीला पर झांकियां देखने को मिली। इन झाकियों के मूवमेंट ने भी सभी का मन लुभाया। झांकियां चलित मुद्रा में थी झांकिया धार्मिक प्रसंगों को लेकर बनी हुई थी आट्र्स की रंग बिरंगी लाइटों से नगर जगमगा उठा था। झांकी की अगुवाई में धुमाल ,डीजे के साथ ही श्रद्धालुजन झूमते नाचते रहे जिसमें स्टार क्लब बुधवारीपारा,विनर क्लब गणेश उत्सव समिति प्रगति मंडल सब्जी मंडी बुधवारीपारा,व्यापारी संघ जयस्तंभ चौक,तारण पिपलेश्वर समिति थाना चौक,संस्कार परिवार जेल रोड, आदर्श नव युवक गणेश उत्सव समिति ठेठवारपारा, गरीबी रेखा समिति कक्कड गोदाम ,वीर क्लब मजारपारा, जागो युवा एकता संगठन समिति बधियाटोला, गरीबी रेखा कंडरा पारागणेश उत्सव सहित अन्य समितियों के द्वारा झांकी निकाली गई। लगभग 12:00 बजे के बाद समितियों की झांकियों रूट में आने का क्रम शुरू हुआ शुरू हुआ। झांकियों के पीछे समितियों के लोगों के अलावा दर्शकों की भीड़ रही।गोल बाजार में झांकियों को पुरस्कार वितरित करने के लिए मां बमलेश्वरी टेस्ट समिति, कांग्रेस पार्टी , भाजपा पार्टी ,हनुमान भक्त समिति, सिद्धिविनायक सेवा समिति एवं रेलवे चौक में एकता मंच के द्वारा पंडाल लगाकर झांकियों को पुरस्कृत किया गया।

झांकी देखने वाले दर्शकों के लिए पोहा पानी सेवा पंडालों के द्वारा रखकर दर्शकों की सेवा की गई। झांकिया गोल बाजार से जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक ,रेलवे चौक, बुधवारी पारा, गोल बाजार होते हुए महावीर तलाब पहुंची। इस तालाब में गणेश भगवान की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। रात भर से सुबह 9:00 बजे तक झांकियां देखने दर्शकों की भीड़ रही। गणेश भगवान की प्रतिमाओ को महावीर तालाब में सुबह 10 बजे तक विसर्जित करते रहे।

## 19 करोड़ का बजट पेश, हॉस्पिटल घाटे में

# मंदिर ट्रस्ट की पहली आम सभा : तीन महीने में 40 बिस्तरों का हॉस्पिटल की मिलेगी सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की आम सभा रविवार को हुई। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल व उनकी बॉडी के एक साल का कार्यकाल पूरा होनें पर यह पहली आम सभा रही। जिसमें ट्रस्ट के तीनों श्रेणी के सदस्य भी शामिल हुए। मंत्री महेंद्र परिहार ने बजट प्रस्तुत किया और आय-व्यय का ब्यौरा रखा। उन्होंने ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2023-24 में 19 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

इसके साथ ही मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित किए जा रहे धर्मार्थ चिकित्सालय के बजट में आय दो करोड़ एक लाख रुपये का आय तथा व्यय तीन करोड़ रुपये होना बताया। यानी हॉस्पिटल के संचालन में ट्रस्ट समिति को हानि हुई है। इसके बाद भी ट्रस्ट ने हॉस्पिटल को और डेवलप करतें हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बढ़ाने का मसौदा तैयार कर लिया है।धर्मार्थ चिकित्सालय के माध्यम से यहां पर आनें वालें तीन महीनों में 40 बिस्तरों का हॉस्पिटल शहर के लोगों को सौगात के रूप में मिलेगा। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि इसकी सुविधाओं में विस्तार के लिए साल भर के भीतर इसे 100 बिस्तरों वाला बनातें हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंनें जानकारी दी कि जल्द ही एक ऐसी सुविधा शहर में शुरु कर रहे है। जिसमें ट्रस्ट लोगों के घर में सिर्फ 15 मिनट में एम्बुलेंस पहुंचाकर देगी। ताकि मरीज समय पर हॉस्पिटल पहुंच सकें। इसके लिए ट्रस्ट समिति ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। हॉस्पिटल में आनें वालें दिनों में आईसीयू से लेकर ओटी, गायनो लॉजिस्ट आदि की सुविधा भी मिलनें लगेगी।

### ऊपर मंदिर में तीन अतिरिक्त ज्योति कक्ष तैयार, जलेंगे 1500 और ज्योत

मंत्री महेंद्र परिहार ने बजट प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि ऊपर मंदिर में तीन नए ज्योति कक्षों का निर्माण पूर्ण हो गया है। इस नवरात्र पर्व से 1500 और ज्योत प्रज्ज्वलित हो सकेंगे। हर नवरात्र में ज्योत जलाने वालेभक्तों की संख्या अधिक रहती है। संख्या सीमित होने से कई लोगों के ज्योत जल नहीं पाते थे। इसलिए ट्रस्ट समिति ने अतिरिक्त कमरों का निर्माण पूरा करा दिया है। इसके अलावा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि ट्रस्ट की पुरानी सारी व्यवस्थाएं सुधारनें का प्रयास हमारी पूरी बॉडी कर रही है। उन्होंनें लोगों से सुझाव भी मांगे।

### बैठक में ट्रस्ट के स्कूल व मेडिकल कॉलेज की भी हुई मांग

आम सभा में सरंक्षक श्रेणी, आजीवन श्रेणी व साधारण श्रेणी के सदस्य भी शामिल हुए। सदस्य रामकृष्ण कनोजिया ने ट्रस्ट के संचालन में मेडिकल कॉलेज खोलनें की मांग रखी। जिसके लिए अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए शासन की जो गाइड-लाइन है। उसे पूरा करनेके बाद ही आगे की पहल करेंगे। डिंपी महापात्र ने बम्लेश्वरी ट्रस्ट का स्कूल खोलनें के लिए अपनी बात रखी। जिस पर बताया गया कि हॉस्पिटल का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी ट्रस्ट समिति काम करेगी। कुछ सदस्यों ने पारदर्शिता लाने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम लागू करने को कहा।

# स्वास्थ्य महकमे के वाहन ने बाईक सवारों को ठोका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रविवार की सुबह हाईवे पर स्वास्थ्य महकमे के वाहन ने एक बाईक में सवार तीन लोगों को ठोकर मार दी और दुर्घटना स्थल से फरार हो गए। घटना में तीनों व्यक्तियों को काफी चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार तीनों घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है।

यह सड़क हादसा जिला भाजपा कार्यालय के सामने हुआ। प्रत्यक्षदर्शी बता रहे हैं कि, ठोकर मारने के बाद स्वास्थ्य महकमे के लोग वहां नहीं रुके अलबत्ता वाहन के साथ फरार हो गए। जबकि सीएमएचओ डॉ. अशोक बंसोड़ इससे इंकार कर रहे हैं। इस मामले पर सीएमएचओ डॉ. बंसोड़ ने कहा कि-दुर्घटना की जानकारी मिली है। नेत्र विभाग के वाहन से बाईक को ठोकर लगी है।विभाग के लोगों ने घायलों की मदद की थी।

**मुख्यमंत्री सुपोषण योजना** स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान रच रहा छत्तीसगढ़

# प्रदेश में 2.65 लाख से अधिक बच्चे कुपोषण और डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया से हुईं मुक्त

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से राज्य के दो लाख 65 हजार बच्चों को कुपोषण के दायरे से बाहर लाने में सफलता मिली है। अभियान के तहत एक लाख 50 हजार महिलाओं को एनीमिया से मुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश में कुपोषण के आंकड़ों को गंभीरता से लेते हुए 2 अक्टूबर, 2019 से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत की गई थी। अभियान के तहत छह वर्ष तक के कुपोषित बच्चों और 15 से 49 वर्ष तक की एनीमिक महिलाओं को गर्म पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अलावा राज्य सरकार ने गर्भस्थ शिशुओं से लेकर सुरक्षित प्रसव, माताओं और शिशुओं के स्वस्थ विकास के विभिन्न पहलुओं पर समुचित ध्यान दिया। इससे मातृत्व मृत्यु दर भी 159 से घटकर 137 हो गई है। दूसरी संतान भी बेटी होने की स्थिति में किसी भी तरह की सहायता का प्रावधान पहले नहीं था। इस अंतर को पाटने के लिए राज्य सरकार ने कौशल्या मातृत्व सहायता योजना शुरू की। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त पांच हजार रुपए दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बीते पौने पांच साल के भीतर स्वास्थ्य और पोषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के मध्यान्ह भोजन में मिलेट्स के व्यंजन को शामिल किया गया है। बच्चों में कुपोषण दूर करने और किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को एनिमिया से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को अच्छी सफलता मिल रही है। इस अभियान के बाद बच्चों में कुपोषण की दर में 48 प्रतिशत की गिरावट आई है।





## बच्चों व महिलाओं को पौष्टिक आहार मिलने से कुपोषण की दर घटी

महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री बघेल की पहल पर शुरू की गई 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' से स्वास्थ्य में बड़ा सुधार आया है। राज्य सरकार द्वारा बच्चों और माताओं को योजना के तहत प्रतिदिन नि:शुल्क पौष्टिक भोजन दिया जाता है। खाने में अंडे, गुड़ और मूंगफली से बने पौष्टिक लड्डू दिए जा रहे हैं। बच्चों, महिलाओं को पौष्टिक आहारे मिलने से कुपोषण की दर घटी है। आंगनबाड़ी महिलाओं द्वारा गर्भवती माताओं के खानपान, संतुलित आहार साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने से स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। इन महिलाओं द्वारा घर-घर भेजकर गर्भवती माताओं को पौष्टिक व्यंजनों, बच्चों की उचित देखभाल, उचित पोषण और टीकाकरण आदि के बारे में जानकारी भी दी जा रही।



## बच्चों को सही व पूरा पोषण मिलने से दूर होने लगा कुपोषण

नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक में भी सुपोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना की गई है। वैसे तो सुपोषण अभियान के तहत दूरस्थ अंचलों के आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर गांव पहुंचविहीन होने की वजह से ओरछा में सरकार ने सुपोषण पुनर्वास केंद्र खोला है। इसके जरिए आसपास के गांवों के बच्चों की जांच कर उन्हें यहां रखकर सही पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की माताओं को भी यहां रखने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें भी सही पोषण दिया जा सके। इस केंद्र में एनीमिया और पोषण नहीं मिलने से संबंधित बीमारियों से ग्रसित महिलाओं को भी रखा जा रहा है। उन्हें हर रोज सही भोजन और दवाइयां दी जा रही हैं, ताकि वे स्वस्थ रह सकें।



### पोषण के साथ बच्चों की मां को सहायता राशि भी

बच्चों की देखभाल और उन्हें पोषण देने के दौरान मां को सहायता राशि भी दी जा रही है। 2250 रुपए की सहायता राशि देने के पीछे कारण यह है कि केंद्र में रहने के दौरान वे मजदूरी जैसे कार्यों से वंचित रहती हैं। 15 दिन के हिसाब से उन्हें 2250 रुपए दिए जाते हैं, ताकि वे आर्थिक रूप से भी सशक्त रह सकें।

### इस तरह कार्य कर रही योजना और सुपोषण अभियान

पोषण पुनर्वास केंद्र में दो फॉर्मूले के आधार पर बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया जा रहा है।

फॉर्मूला एफ-75 के तहत 100 एमएल कैलोरी और 0.9 ग्राम प्रोटीन दिया जाता है।

एफ-100 के तहत 100 एम. एल.कैलोरी और 2.9 ग्राम प्रोटीन दिया जा रहा है।

यह पोषण बच्चों के आर्म्स सर्किल के नाप के अनुसार तय किया जाता है।

### ऐसे सेंटर इसलिए जरूरी

ओरछा के करीब 40 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के बच्चों को सही पोषण नहीं मिल पाता। इसके लिए अब तक स्वास्थ्य सेवकों का दल जांच और इलाज के लिए इन गांवों में पहुंचता है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक के जरिए भी ऐसे कई कुपोषित बच्चों के मामले सामने आ रहे थे जिनकी संख्या बढ़ने लगी तो सरकार ने कुपोषण पुनर्वास केंद्र शुरू करने पर जोर दिया। दुर्गम इलाके होने की वजह से सभी जगहों पर समय पर पहुंचकर उन्हें पोषण या इलाज की सुविधा देने में कठिनाइयां आती थीं। ऐसे केंद्र इन बच्चों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। केंद्र की विशेषता यह है कि डॉक्टरी जांच के बाद भर्ती होने वाले बच्चों का आहार मैन्यू तय किया जाता है। डॉक्टर इनकी नियमित निगरानी करते हैं। छोटे बच्चों की माताओं को भी साथ रखा जाता है, ताकि वे बच्चों की देखभाल कर सकें।

## योजना की विशेषताएं

मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत राज्य के बच्चों व महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना का लाभ राज्य की 15 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक की आयु की महिलाओं और किशोरियों को दिया जाएगा। इस योजना के तहत उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 6 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को कुपोषण जैसे बीमारी होने से बचाना तथा पौष्टिक खाना प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को तथा गर्भवतीन महिलाओं और 6 माह तक के दूध पीने वाले बच्चों की माताओं को उबला हुआ अंडा और सोयाबीन की बड़ी दी जाती है। इसके अलावा बच्चों को मूंगफली और गुड़ से बने लड्डू भी दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार का पैकेट भी दिया जाता है।



## पुनर्वास केंद्र में मलेरिया के साथ दूसरी बीमारियों का भी हो रहा इलाज



पुनर्वास केंद्र में मलेरिया और दूसरी बीमारियों के पीड़ित बच्चों को भी इलाज की सुविधा दी जाती है। अगर जरूरत पड़े तो उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया जाता है। आमतौर पर गाड़ियों की सुविधाएं नहीं होने और गांवों के पहुंचविहीन होने के कारण जरूरी इलाज और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी केंद्र के संचालकों को निर्देश हैं। कई बच्चों में मलेरिया बीमारी की भी शिकायतें मिली थी, जिनका इलाज किया गया।

### मलेरिया से मुक्ति, बच्चे का वजन भी बढ़ा

रायनार गांव की लक्ष्मी मंडावी मलेरिया से पीड़ित थीं। उसे केंद्र में दाखिला दिलाया गया। जहां बच्चे का मलेरिया भी ठीक हो गया है और सही पोषण मिलने की वजह से महज तीन दिन के भीतर ही 100 ग्राम वजन बढ़ गया है। दो-दो घंटे में दूध दिया जा रहा है। समय-समय पर गरम खाना भी परोसा जा रहा है। इससे वह स्वस्थ हो रही है।

### आहार मेन्यू

केंद्र में दाखिल बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। दो-दो घंटे के अंतराल में बच्चों को ताजा दूध पिलाया जाता है और सुबह नाश्ते में दलिया, हलवा, खिचड़ी और पोहा परोसा जाता है। इसके अलावा गरमा-गरम भोजन चावल, दाल, हरी सब्जी और अंडे की सब्जी दी जाती है।



### छुट्टी के बाद फॉलोअप भी

15 दिनों में कुपोषण से बाहर निकलने वाले बच्चों की सेंटर से छुट्टी कर दी जाती है। यहां से निकलने वाले बच्चों का विशेष ख्याल रखते हुए प्रतिमाह फॉलोअप लिया जाता है। गांव की मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों की जानकारी ली जाती है।

IF Samvad- 38713/1

# बुजुर्ग समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं, उनके अनुभवों के प्रकाश में नई पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं : भूपेश बघेल

## बुजुर्गों को 825 सहायक उपकरणों का किया गया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का शॉल और फल देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री बघेल संवेदनशीलता के साथ मंच से उतरकर स्वयं बुजुर्गों के पास पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर, चश्मा और हियरिंग एड सहित 825 सहायक उपकरण भी प्रदान किए। इस अवसर पर सभी जिलों के लगभग साढ़े छः हजार से अधिक वरिष्ठजन उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मानव जीवन की तीन प्रमुख अवस्थाएं हैं- बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था। मनुष्य की वृद्धावस्था उसके जीवनभर के ज्ञान और अनुभवों का निचोड़ है, उसकी जीवनभर की तपस्या का संचय है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग हमारे समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं। उनके अनुभवों के प्रकाश में ही नयी पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि बुजुर्गों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता हैं। बघेल ने कहा है कि नये दौर के समाज में हमारे पुरातन जीवन-मूल्य बहुत पीछे छूटते जा रहे हैं। बुजुर्गों ने जीवनभर जिन लोगों के लिए मेहनत की, त्याग किया वे उन्हीं के द्वारा उपेक्षित कर दिए जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए सियान हेल्प लाइन नम्बर शुरू किया गया है। इस हेल्पलाईन का उपयोग दिव्यांग, विधवा और उभयलिंगी व्यक्ति भी कर सकते हैं।

सियान हेल्पलाइन सेंटर और टोल फ्री नंबर के सेटअप की स्थापना के लिए बजट में एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हेल्पलाइन नंबर पर अभी तक 76 हजार से ज्यादा कॉल आ चुके हैं, इनमें से 1493 कॉल बुजुर्गों ने किए हैं। हमें खुशी है कि इस हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से हम बुजुर्गों की मदद कर पा रहे हैं। बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने निराश्रितों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि को 350 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिमाह कर दिया है। प्रदेश के 13 लाख से ज्यादा बुजुर्गजन मासिक पेंशन योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा राज्य सरकार बुजुर्गों को 49 हजार आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण भी कर चुकी है। राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की गई है। इससे उनके बुढ़ापे में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा सियान जतन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी बुजुर्गों के लिए विशेष ओपीडी और पंचकर्म सेवाएं दी जा रही हैं। राज्य में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में 72 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस योजना का लाभ भी हमारे वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा है।


# पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कह बघेल फिर झूठ परोस रहे : चौधरी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि पीएससी की गड़बड़ियों को लेकर शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात कहकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फिर झूठ परोस रहे हैं और प्रदेश को गुमराह कर रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएससी मामले में जाँच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी के बाद मुख्यमंत्री बघेल विचलित हो चले हैं और अब फिर शिकायत नहीं मिलने की बात कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को लगातार झूठ बोलने की इतनी बुरी लत लग चुकी है कि अब वह कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं से भी झूठ बोलने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा कि छात्रों ने भूपेश बघेल के राज में छत्तीसगढ़ के पीएससी घोटाले की पोल उनके नेता राहुल गांधी के सामने खोल कर रख दी लेकिन अपने पापों पर परदा डालते मुख्यमंत्री बघेल झूठ का ढोल पीटने से बाज नहीं आये कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली। जबकि सत्य यह है कि उनके निवास कार्यालय में लिखित शिकायत देकर पीएससी घोटाले की सारी जानकारी दी गई थी और इसकी पावती इस बात की गवाही दे रही है कि भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के पद पर बैठकर सरासर झूठ बोलते हैं। उन्होंने सत्यनिष्ठा की शपथ की हर मामले में धज्जियां उड़ाई हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403